'भाई-बहन' शब्द में समास है– **द्वन्द्व**	**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017**
बहुव्रीहि समास	
'दशमुख' मे समास है– **बहुव्रीहि**	**UPP Constable Re-Exam (24.08.2024 Shift-I)**
'पीतांबर में समास है– **बहुव्रीहि**	**UPP Constable Re-Exam (24.08.2024 Shift-I)**
'दशमुख' में समास है– **बहुव्रीहि**	**UPP Constable Re-Exam (24.08.2024 Shift-II)**
'दशमुख' में समास है– **बहुव्रीहि**	**UPP Constable Re-Exam (25.08.2024 Shift-I)**
पंकज' में समास है- **बहुब्रीहि**	**UPP Constable Re-Exam 30.08.2024 (Shift-II)**
जिसमें कोई पद प्रधान नहीं होता तथा अन्य अर्थ प्रधान होता है, वहाँ होता है- **बहुव्रीहि समास**	**UPP Constable Re-Exam 31.08.2024 (Shift-II)**
दत्तधन शब्द के समास का चयन करें- **बहुव्रीहि**	**UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- II)**
'वज्रदेह' शब्द में समास है– **बहुव्रीहि समास**	**[UPSI 22.07.2017 Sift I]**
''पाँच नदियों के क्षेत्र'' को ..... नाम (समास) से सम्बोधित किया जाता है– **पाँचआब**	**UPPCL ARO, 2018**
'अंशु है माला जिसकी' दिए गए समास-विग्रह को अन्य नाम से भी सम्बोधित किया जाता है–**सूर्य**	**UPPCL ARO, 2018**
''पद्म आसन है जिसका'' दिए गए समास-विग्रह को अन्य नाम से भी सम्बोधित किया जाता है– **सरस्वती**	**UPPCL ARO, 2018**
''चार हैं मुख जिसके'' दिए गए समास-विग्रह को अन्य नाम से भी सम्बोधित किया जाता है–**ब्रह्मा**	**UPPCL ARO, 2018**
''पंक में पैदा हो जो'' इनमें समास है– **बहुब्रीहि समास**	**UPPCL ARO, 2018**
''शूल है पाणि में जिसके'' दिए गए समास-विग्रह को अन्य नाम से भी सम्बोधित किया जाता है– **शंकर**	UPPCL Stenographer, 2018
'दुरात्मा' दिए गए शब्द के लिए बहुव्रीहि समास के विग्रह का उदाहरण है– **बुरी आत्मा वाला**	**DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II)**
'पवनाशन' दिए गए शब्द में समास है– **बहुव्रीहि समास**	**UPSI 15/11/2021 (Shift-I)**
'त्रिलोचन' शब्द में समास है– **बहुव्रीहि**	**UPSI 14/11/2021 (Shift-II) UPPCL ARO, 2018**
'नीलकंठ' शब्द में समास है– **बहुव्रीहि समास**	**BIHAR Primary Teacher. 2023 (Shift-II) UPSI 17/11/2021 (Shift-I) UPSI 20/11/2021 (Shift-III) UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018 UPPSCAE 2007**
''दीर्घबाहु'' में समास है– **बहुव्रीहि समास**	**UPSI 21/11/2021 (Shift-III)**
'अद्वितीय' शब्द में समास है– **बहुव्रीहि समास**	**UPSI 29/11/2021 (Shift-III)**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Search @yct_hub to Join Channel
Click Here to Get More Exclusive Ebooks

'गिरधर' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि समास**	**UPSI 29/11/2021 (Shift-I) UPSI 30/11/2021 (Shift-II) KVS PGT Hindi 2017**
'मुरारी' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि समास**	**UPSI 01/12/2021 (Shift-III)**
''चतुर्भुज'' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**DSSSB प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा, 31/05/2015 लोअर-2 परीक्षा, 2015 [UKPSC AE 2012]**
'त्र्यम्बक' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**[UKPSC AE 2012]**
'पीतांबर' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**UP PGT 2016 DSSSB TGT ST, 09/09/2018 DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 13/10/2018 [UPCSA 2019] [UPSI 19.07.2017 Shift II] गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016**
वह समास जिसमें कोई पद प्रधान नहीं होता–	**बहुव्रीहि**	**UPSI 14/11/2021 (Shift-III) / [UPSSSC Junior Assistant 04.01.2020 Shift-II] [CTET (VI-VIII) 18.11.2018] / जूनियर इंजीनियर तकनीकी परीक्षा, 2016 परिचालक परीक्षा, 2015 / कानूनगो परीक्षा-2015**
'कमलनयन' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि समास**	**UP TGT 2004**
वीणापाणि, दुमाता, लालपीला, विद्याभ्यास। दिए गए शब्दों में बहुव्रीहि समास वाला शब्द है–	**वीणापाणि**	**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**
''पंचानन'' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**वन रक्षक परीक्षा, 2015**
'चक्रपाणि' शब्द में प्रयुक्त समास है–	**बहुव्रीहि**	**असि. एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**
'आठ अध्याय हैं जिसमें'। दिए गए वाक्य में समास का उदाहरण है–	**बहुव्रीहि**	**चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**
'तीन वेणियाँ मिलती हैं जहाँ'। दिए गए वाक्य में समास का उदाहरण है–	**बहुव्रीहि समास**	**चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**
'बारहसिंगा' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि समास**	**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**
'धनंजय' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**UP TGT 2002**
'लंबोदर' शब्द उदाहरण है–	**बहुव्रीहि समास का**	**UP TGT 2009**
'कुसुमाकर' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**GIC. PGT 2015**
'पतझड़' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**Ashram Paddhati PGT. 2012**
'कूपमंडूक' शब्द में समास की योजना है–	**बहुव्रीहि**	**Ashram Paddhati PGT. 2012**
'निर्दय' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि समास**	**Ashram Paddhati PGT. 2012**
'निशाचर' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**UPPCL AE Electrical, 2016**
'दशानन' शब्द में समास है–	**बहुव्रीहि**	**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C',2017 UPSI 13/11/2021 (Shift-III)**
अन्य		
समास का शाब्दिक अर्थ है–	**संक्षेप**	**UPSI 25/11/2021 (Shift-III)**
समास के पदों को अलग करने को कहा जाता है–	**विग्रह**	**DSSSB प्राइमरी शिक्षक परीक्षा, 25/08/2013 UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**
वेद-पुराण, वचनामृत, चंद्रशेखर, चतुर्भुज। दिए गए शब्दों में से वह शब्द जिसमें एक से अधिक प्रकार के समास पाए जाने की संभावना है–	**चतुर्भुज**	**UPPCL ARO, 2018**
सामासिक पद को तोड़ना कहलाता है–	**समास विग्रह**	**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

15 रस

रस

- 'रस' का शाब्दिक अर्थ है 'आनन्द'। काव्य को पढ़ने या सुनने से जिस आनन्द की अनुभूति होती है, उसे 'रस' कहा जाता है।
- रस को काव्य की आत्मा या प्राणतत्व माना जाता है।
- सर्वप्रथम आचार्य भरतमुनि ने रस का उल्लेख अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' में ईसा की प्रथम शताब्दी के आस-पास किया था। उन्होंने रस की परिभाषा इस प्रकार दी है–

  'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पतिः।'

  अर्थात् विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भाव के संयोग से रस की निष्पति होती है।
- आयार्च मम्मट ने कहा है कि आलंबन विभाव से उद्बुद्ध, उद्दीपन से उद्दीप्त, व्यभिचारी भावों से परिपुष्ट तथा अनुभाव द्वारा व्यक्त हृदय का 'स्थायीभाव' ही रस दशा को प्राप्त होता है।

रस के चार अवयव या अंग हैं–

विभाव

जो व्यक्ति, पदार्थ अथवा बाह्य विकार अन्य व्यक्ति के हृदय में भावोद्रेक करता है, उन कारणों को 'विभाव' कहा जाता है।

विभाव के दो भेद हैं–

- **आलंबन विभाव–** जिसका आलंबन या सहारा पाकर स्थायी भाव जागृत होते हैं, आलंबन विभाव कहलाते हैं।
  जैसे-नायक-नायिका
- **उद्दीपन विभाव–**जिन वस्तुओं या परिस्थितियों को देखकर स्थायीभाव उद्दीप्त होने लगता है, उद्दीपन विभाव कहलाता है।
  जैसे- चाँदनी, कोकिल कूजन, रमणीय उद्यान आदि।

अनुभाव

आलंबन और उद्दीपन विभावों के कारण उत्पन्न भावों को बाहर प्रकाशित करने वाले कार्य 'अनुभाव' कहलाते हैं। अर्थात् हृदय में संचित रति आदि 'स्थायीभावों' का कार्य, मन और वचन की चेष्टा के रूप में प्रकट होना ही 'अनुभाव' है।

अनुभाव के चार भेद होते हैं–

1. कायिक **2.** मानसिक
3. वाचिक **4.** आहार्य

व्यभिचारी या संचारी भाव

मन में संचरण करने वाले (आने-जाने वाले) भावों को संचारी या व्यभिचारी भाव कहते हैं। आचार्य भरतमुनि ने संचारी भावो की संख्या 33 मानी है।

स्थायीभाव

'स्थायीभाव' का तात्पर्य है प्रधान भाव। प्रधान भाव वही हो सकता है जो रस की अवस्था तक पहुंचता है। आचार्य भरतमुनि ने अपने 'नाट्यशास्त्र' में भावों की संख्या 49 मानी है। जिनमें 33 संचारी भाव या व्यभिचारी भाव, 8 सात्विक भाव और शेष 8 'स्थायीभाव' हैं।

- भरतमुनि ने शम या निर्वेद या शान्त को भी नवम 'स्थायीभाव' माना है।
- बाद के आचार्यो ने 'भक्ति' और 'वात्सल्य' को भी 'स्थायीभाव' मान लिया।

भरतमुनि के अनुसार स्थायीभाव ये हैं–



- आचार्य अभिनवगुप्त और मम्मट ने भी रसों की संख्या नौ माना है। ये नौ रस इस प्रकार हैं।



प्रमुख रस एवं उनके स्थायीभाव निम्नलिखित हैं–

रस	स्थायी भाव	रंग (वर्ण)	देवता
1. शृंगार रस	रति	श्याम वर्ण	कामदेव/विष्णु
2. हास्य रस	हास	श्वेत वर्ण	शिवगण
3. करूण रस	शोक	कपोत वर्ण	यम
4. वीर रस	उत्साह	हेम वर्ण	महेन्द्र
5. रौद्र रस	क्रोध	लाल वर्ण	रूद्र

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

6. भयानक रस	भय	कृष्ण वर्ण	काल
7. वीभत्स रस	जुगुप्सा (घृणा)	नील वर्ण	महाकाल
8. अद्भुत रस	विस्मय	पीत वर्ण	गन्धर्व
9. शान्त रस	शम/निर्वेद	धवल वर्ण	लक्ष्मी नारायण
10. वात्सल्य रस	वत्सलता (अनुराग)	-	-
11. भक्ति रस	भगवत विषयकरति	-	-

- शृंगार रस को कार्य–व्यापार की व्यापकता के कारण 'रसराज'भी कहा जाता है। इसके मुख्यतः दो भेद है– 1. संयोग (संभोग) शृंगार, 2. वियोग (विप्रलम्भ) शृंगार।
- **भरतमुनि के अनुसार 8 सात्विक भाव है–** (1) स्तम्भ (2) स्वेद (3) रोमांच (4) स्वरभंग (5) कम्प (6) विवर्णता/वैवर्ण्य (7) अश्रु (8) प्रलय।
  नोट– भानुदत्त ने 9वाँ सात्विक भाव 'जृम्भा' को माना है।
- **भरतमुनि के अनुसार 33 संचारी भाव है–**
  (1) निर्वेद (2) ग्लानि (3) शंका (4) असूया (5) मदमादक (6) श्रम (7) आलस्य (8) दैन्य (9) चिन्ता (10) मोह (11) स्मृति। (12) धृति/धैर्य (13) व्रीडा (14) चपलता (15) आवेग (16) हर्ष (17) जड़ता (18) गर्व (19) विषाद (20) औत्सुक्य/उत्सुकता (21) निद्रा (22) अपस्मार (23) स्वप्न (24) विबोध (25) अमर्ण (26) अवहित्था (27) उग्रता (28) मति (29) व्याधि (30) उन्माद (31) मरण (32) त्रास (33) वितर्क।

नोट– (1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'चकपकाहट' को 35वाँ संचारी भाव माना है।
(2) भानुदत्त ने 'छल' को 34वाँ संचारी भाव माना है।
(3) भरतमुनि व आचार्य दण्डी केवल 8 रस मानते है।
(4) उद्भट्ट ने 'शान्त' रस को 9वाँ रस माना है।
(5) आचार्य विश्वनाथ ने 'वात्सल्य' को 10वाँ रस माना है।
(6) भानुदत्त ने 'भक्ति रस' को 11वाँ रस माना है।
(7) डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त ने 'बौद्धिक रस' की कल्पना की है।
(8) रूपगोस्वामी ने 'देव विषयक रति' को स्थायी भाव मानकर 'भक्ति रस' नामक 11वें रस का प्रतिपादन किया।

EXAM POINT

परिभाषा एवं भेद

हिन्दी साहित्य में वात्सल्य रस को मिलाकर कुल किसने काव्य रस हैं-	**10**	**UPP Constable 18.02.2024 (Shift-I)**
स्थायी भावों की संख्या कितनी है-	**नौ**	**UPP Assistant Operator 07.02.2024 (Shift-I)**
अभिव्यक्तिवाद के अनुसार रससूत्र के 'संयोगात्' का अर्थ है-	**अभिव्यंजनात**	**UPP Assistant Operator 06.02.2024 (Shift-I)**
'विभाव' कहते हैं–	**स्थायी भाव के उद्बोधक कारक**	**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)**
करुण रस का स्थायी भाव है–	**शोक**	**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II) / DSSSB PGT-23.07.2018 HIGHER EDU. Exam-2015 / LT HINDI-2018**
विभाव के दो प्रकार हैं–	**आलंबन, उद्दीपन**	**UPSI 15/11/2021 (Shift-III)**
स्थायी भाव के उत्पत्ति के कारण को कहते हैं–	**विभाव**	**UPSI 17/11/2021 (Shift-III) UPSI 21/11/2021 (Shift-II)**
रस के अवयवों की संख्या है–	**चार**	**UPSI 17/11/2021 (Shift-I)**
उद्दीपन का कार्य करता है–	**प्रेम-पात्र की मधुरवाणी**	**UPSI 22/11/2021 (Shift-II)**
स्थायी भावों को अनुभूति के योग्य बनाता है–	**विभाव**	**UPSI 23/11/2021 (Shift-II)**
जो व्यक्ति, वस्तु या परिस्थितियाँ स्थायी भावों को उद्दीपन या जागृत करती हैं उन्हें संज्ञा दी जाती है–	**विभाव**	**UPSI 23/11/2021 (Shift-III)**
रावण ने राम में क्रोध नामक भाव जगाया। इसमें आलंबन है–	**रावण**	**UPSI 24/11/2021 (Shift-I)**
आचार्य भरत ने रसों की संख्या मानी है–	**8**	

UPSI 25/11/2021 (Shift-II) / UPSI 15/11/2021 (Shift-I) / UK Ast. Prof. 2017 कानूनगो भर्ती परीक्षा 2015 / DSSSB TGT (Female)-5.9.2021 (Shift - II) DSSSB PGT- 25.07.2018 (9 am - 12 pm) / UPOSC Degree College Exam-2008 KVS PGT HINDI-2017 / DSSSB PGT-23.07.2018 / Chhatisgarh Asst Pro.-2009

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

हृदय में मूलरूप से विद्यमान रहने वाले भावों को संज्ञा दी जाती है– **स्थायी भाव**	**UPSI 29/11/2021 (Shift-I) म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षक भती परीक्षा - 2018**
साहित्य में रस का अर्थ है– **साहित्य से मिलने वाली आनंदानुभूति**	**UPP Constable, 2017**
'सहृदय' की अवधारणा सम्प्रदाय से सम्बद्ध है– **रस**	**KVS PGT Hindi, 2017**
वह भाव जिसकी परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है– **स्थायीभाव**	**ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016**
स्थायी भावों की संख्या मानी गई है– **नौ**	**उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001 UPSI 02/12/2021 (Shift- II)**
'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' कहने वाले आचार्य हैं– **विश्वनाथ**	**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**
भरत के 'रससूत्र' में उल्लेख नहीं है– **स्थायीभाव**	**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**
आचार्य भरत के रससूत्र का उत्तर करते हुए 'अनुमितिवाद' की स्थापना की– **आचार्य शंकुक**	**KVS PGT Hindi, 2016 / DSSSB PGT-24.07.2018 (9 am-12 pm) DSSSB PGT-25.7.2008 (9 am-12 pm) / Higher Education Exam-2015**
आचार्य भरत के रससूत्र के व्याख्याता शंकुक के सिद्धान्त का नाम है– **अनुमितिवाद**	**Uttrakhand Asst. Prof. 2017 MP Asst. Prof. Hindi, 2017**
वह आचार्य जिसका सिद्धांत 'चित्रतुरंग न्याय' पर आधारित है– **शंकुक**	**MP Asst. Prof. Hindi, 2017 राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा (पेपर-I) 2014**
रस सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं– **भरत मुनि**	**KVS PGT Hindi, 2017 स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015**
अनुभाव	
स्थायी भाव उद्दीप्त होने पर आश्रय की चेष्टाओं को क्या कहते हैं- **अनुभाव**	**UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-II)**
अनुभाव कितने प्रकार के होते हैं- **चार**	**UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-I)**
विवेक, प्रमोद, खिन्नता आदि किस कोटि के अनुभाव हैं- **मानसिक**	**UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-II)**
सात्विक अनुभाव कितने हैं– **आठ**	**UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- I)**
आलंबन तथा उद्दीपन के द्वारा आश्रय के हृदय में स्थायी भाव जागृत या उद्दीप्त होने पर आश्रय में जो चेष्टाएँ होती हैं, उन्हें संज्ञा दी जाती है– **अनुभाव**	**UPSI 20/11/2021 (Shift-I) UPSI 17/11/2021 (Shift-II) UPPSC Degree Collage Exam 2013**
सात्विक अनुभाव के प्रकार होते हैं– **आठ**	**UPSI 28/11/2021 (Shift-II) / DSSSB PGT-4.7.2021 (Shift-I) DSSSB PGT-23.7.2018 (Shift-I) / DSSSB PGT-24.7.2008 (Shift-I)**
अनुभाव रूप के प्रकार माने गए हैं– **चार**	**MP Asst. Prof. Hindi, 2017 MP Asst. Prof. - 2017 DSSSB PGT-24.7.2018 (9 am-12 pm)**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

व्यभिचारी या संचारी भाव		
'छल' नामक चौंतीसवाँ संचारी भाव किसने माना है-	**कवि देव**	**UPP Assistant Operator 03.02.2024 (Shift-II)**
आश्रय के चित्त में उत्पन्न होने वाले अस्थिर मनोविकारों को संज्ञा दी जाती है–	**संचारी भाव**	**UPSI 22/11/2021 (Shift-III)**
प्रत्येक 'रस' में संचरण करने वाले 'भाव' को कहते हैं–	**संचारी भाव**	**UPSI 30/11/2021 (Shift-II)**
संचारी भावों की संख्या मानी गई है–	**33**	**कानूनगो भर्ती परीक्षा (2015) / [UPSI 2017 Shift 2] [UKPSC AE 2017] UPSI 30/11/2021 (Shift-I) / UPSI 13/11/2021 (Shift-II) / UKSSSC LT-2020**
अमर्ष है–	**एक संचारी भाव**	**ग्राम विकास अधि.परीक्षा, 2016**
शृंगार रस		
शृंगार रस का स्थायी भाव है : –	**प्रेम**	**UPP Constable Re-Exam (24.08.2024 Shift-I)**
शृंगार रस का प्रभुत्व किन संचारियों पर नहीं है–	**उग्रता और घृणा**	**UPP Head Operator 30.01.2024 (Shift- III)**
दिए गए पद्यांश में विप्रलम्भ शृंगार के भेद हैं। ''स्वप्न दरसि स्वप्निल छवि तोरी। कसकत चितवन करि चित चोरी।।''-	**पूर्वराग**	**UPP Workshop Staff 30.01.2024 (Shift-I)**
दी गई रसात्मक पंक्तियों में निहित 'रस' चुनें। ''निर्जन नटि-नटि पुनि लजियावै। छिन रिसाइ हँसि सैन बुलावै।''-	**संयोग शृंगार**	**UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-II)**
'राम को रूप निहारति जानकी कंकन के नग की परछाईं'–पंक्ति में रस है–	**शृंगार रस**	**VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I) / DSSSB PGT-4.7.2021 (Shift-I) DSSSB TGT (Male)-18.9.2021 (Shift-II)**
वियोग के अन्तर्गत कामदशाएँ की संख्या मानी गयी हैं–	**10**	**UPSI 12/11/2021 (Shift-III)**
उज्ज्वल रस या मधुर रस को और भी कहते हैं–	**भक्ति रस**	**UPSI 14/11/2021 (Shift-II)**
माधुर्य गुण रस में प्रयुक्त होता है–	**शृंगार**	**UPSI 21/11/2021 (Shift-III)**
जिन पंक्तियों में नायक-नायिका का मिलन होता है, वहाँ रस की दृष्टि से शृंगार होता है–	**संयोग**	**UPSI 23/11/2021 (Shift-II)**
जिन पक्तियों में नायक– नायिका के संयोग या वियोग का वर्णन होता है, वहाँ रस की दृष्टि से रस होता है–	**शृंगार रस**	**UPSI 27/11/2021 (Shift-II)**
वह रस जिसको रसराज कहा जाता है–	**शृंगार रस**	**DSSSB PGT (Male)-18.7.2021 (Shift-I) / NVS PGT-2014 / वन रक्षक परीक्षा, 2015 ग्राम पंचायत अधिकारी, 2015 / UKPSC AE 2013 / UPSI 2017 (Shift-II)**
'निसदिन बरसत नैन हमारे' इस पंक्ति में रस का वर्णन है–	**शृंगार**	**वन रक्षक परीक्षा, 2015 परिचालक परीक्षा 2013**
मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई। जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।।, में रस है–	**शृंगार रस**	**परिचालक परीक्षा, 2015**
वह रस जिसको सभी रसों का अधिपति माना जाता है–	**शृंगार रस**	**UPPCL JE Electrical, 2018**
बतरस-लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ। सौंह करैं भौंहनु हँसैं, दैन कहैं नटि जाइ। में रस है–	**शृंगार**	**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Search @yct_hub to Join Channel
Click Here to Get More Exclusive Ebooks

हा रघुबीर! देव रघुराया, केहि अपराध बिसारेहु दाया।। उपर्युक्त पद्यांश में रस है– **वियोग श्रृंगार**	**[UKPSC AE 2012]**
'हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी। तुम देखी सीता मृगनैनी।।' उपर्युक्त पद्यांश में रस है– **वियोग श्रृंगार रस**	**मलेरिया/फाइलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015**
वह रस जो 'वीभत्स' का विरोधी है– **श्रृंगार**	**चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**
अखियाँ हरि दरसन की भूखी। कैसे रहें रूप रस राँची, ए बतियाँ सुनि रूखीं। उपर्युक्त पंक्तियों में रस है– **वियोग श्रृंगार रस**	**राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015**
हास्य रस	
आचार्य भरत ने किस रस के मूल में 'विकृति भाव' माना है – **हास्य**	**UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- II)**
हास्य रस का स्थायीभाव होता है– **हास**	**UPSI 20/11/2021 (Shift-III) UPSI 27/11/2021 (Shift-II) उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25/10/2018**
करुण रस	
करुण रस के देवता हैं– **यम**	**UPSI 16/11/2021 (Shift-I)**
'देखि सुदामा की दीनदशा, करुणा करिकै करुनानिधि रोये' में रस है– **करुण**	**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**
''प्रिय वह मेरा प्राण प्यारा कहाँ है, दुख जल निधि में डूबी का सहारा कहाँ है।'' दी गई पंक्तियों में रस है– **करुण**	**UP SI 2001**
रौद्र रस	
'क्रोध' किस रस का स्थायी भाव है- **रौद्र रस**	**UPP Constable 17.02.2024 (Shift-I)**
'क्रोध' किस रस का स्थायी भाव है– **रौद्र**	**UPP Constable Re-Exam (25.08.2024 Shift-I)**
किस रस का स्थायी भाव क्रोध है- **रौद्र रस**	**UPP Constable Re-Exam 30.08.2024 (Shift-II)**
रौद्र रस के देवता कौन हैं- **रुद्र**	**UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-I)**
रौद्र रस का स्थायीभाव होता है– **क्रोध**	**UKPSC Lecture-2020 / हरियाणा असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा-2017 / UPSI 28/11/2021 (Shift-I) कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015 / UPSI 23/11/2021 (Shift-I) / UPSI 01/12/2021 (Shift-I) UKPSC AE 2012 / UPSI 14/11/2021 (Shift-III) / चकबन्दी लेखपाल 2015**
वीर रस	
वीर रस का स्थायी भाव है :– **उत्साह**	**UPP Constable Re-Exam (24.08.2024 Shift-I)**
'चमक उठी सन् सत्तावन में वो तलवार पुरानी थी।' रस भेद बताइए- **वीर रस**	**UPP Constable Re-Exam 31.08.2024 (Shift-I)**
'प्राकृत पैंगलम' के छंद, रस से संबंधित है– **वीर रस**	**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**
हे सारथे! हे द्रोण क्या, देवेंद्र भी आकर अड़ें, है खेल क्षत्रिय बालकों का, व्यूह-भेदन कर लड़े। मैं सत्य कहता हूँ सखे! सुकुमार मत जानो मुझे, यमराज से भी युद्ध में प्रस्तुत सदा मानो मुझे। दिए गए पंक्तियों में रस है– **वीर रस**	**VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

वीर रस में प्रधानता रहती है– **ओज गुण की**	**UPSI 13/11/2021 (Shift-II) UPSI 29/11/2021 (Shift-III)**
'आगे नदियाँ हैं बड़ी अपार' में रस है– **वीर रस**	**[UPSI 19.07.2017 Shift II]**
'कुरुक्षेत्र' कविता में मुख्य रस है– **वीर**	**KVS PGT Hindi, 2017**
'वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो। सामने पहाड़ हो कि सिंह की दहाड़ हो', में रस है– **वीर रस**	**UPPCL JE Electrical, 2018**
"हिमाद्रि तुंग श्रृंग से, प्रबुद्ध शुद्ध भारती। स्वयं प्रभा समुज्जवला स्वतंत्रता पुकारती।। दी गई पंक्तियों में रस है– **वीर**	**UP SI 2001 राजस्थान कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा (पेपरी-I)-2014**
चमक उठी सन सत्तावन में वो तलवार पुरानी थी।–रस भेद है– **वीर रस**	**UPP CONSTABLE 2017, (Shift I 2018)**
वीभत्स रस	
"रिपु-आंतन की कुंडली करि जोगिनी चबात। पीबहि में पागी मनो, जुबति जलेबी खात।" दी गई पंक्तियों में रस है– **वीभत्स**	**UPSI 16/11/2021 (Shift-III)**
जुगुप्सा का स्थायी भाव, रस से सम्बन्धित है– **वीभत्स रस**	**UPSI 12/11/2021 (Shift-I) / AHC Group C 2017 / UPPCL JE, Electrical, 2016 कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016 / चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**
"जहँ-तहँ मज्जा माँस रुचिर लखि परत बगारे। जित-जित छिटके हाड़, सेत कहुँ, कहुँ रतनारे।।" इस अवतरण में है– **वीभत्स रस**	**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**
अद्भुत रस	
अद्भुत रस का स्थायीभाव है- **विस्मय**	**UPP Constable 18.02.2024 (Shift-II)**
कबीर की उलटबांसियों में प्रमुख है – **अद्भुत रस**	**UPP Constable Re-Exam (24.08.2024 Shift-II)**
'अद्भुत रस' का स्थायी भाव है– **विस्मय**	**UPP Constable Re-Exam (30.08.2024 Shift-I)**
कबीर की उलटबाँसियों में रस प्रमुख है– **अद्भुत रस**	**UPSI 12/11/2021 (Shift-II)**
यह देख, गगन मुझमें लय है, यह देख पवन मुझमें लय है, मुझमें विलीन झंकार सकल, मुझमें लय है संचार सकल। अमरत्व फूलता है मुझमें। संसार झूलता है मुझमें। उपरोक्त पंक्तियों में रस है- **अद्भुत रस**	**UPSI 12/11/2021 (Shift-III)**
'अद्भुत-रस' के देवता है– **गंधर्व**	**UPSI 15/11/2021 (Shift-II)**
वह रस जिसमें "विस्मय" स्थायी भाव होता है– **अद्भुत**	**UPSI 20/11/2021 (Shift-II) / UPP Constable, 19/06/2018 (Shift-I) DSSSB LDC, 30/08/2015 / UP SI 2001 / वन रक्षक परीक्षा, 2015**
वह रस जिसका सम्बन्ध भारतीवृत्ति से है– **अद्भुत**	**स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015**
"केशव कहि न जाइ का कहिये। देखत तव रचना विचित्र अति समुझि मनहिं मन रहिये।" में है– **अद्भुत रस**	**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

शान्त रस	
शांत रस का स्थायी भाव क्या है- **निर्वेद**	**UPP Constable 17.02.2024 (Shift-II)**
भरत मुनि ने किस रस का उल्लेख नहीं किया है- **शांत**	**UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-II**
'अब लौ नसानी अब न नसैहों', इसमें रस है– **शांत रस**	**VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)**
'कबहुँक हों यहि रहनि रहौंगो श्री रघुनाथ कृपालु कृपा ते संत सुभाव गहोंगो। जथा लाभ संतोष सदा काहूँ सो कछु न चहौंगो। परहित निरत निरंतर मन-क्रम-वचन नेम निवहोंगो। उपर्युक्त पंक्तियों में निहित रस है– **शांत रस**	**VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)**
शांत रस का स्थायीभाव होता है– **निर्वेद**	**UKSSSC LT-2020 / UK PSC Lecture-2020 / DSSSB PGT-25.7.2018 / UPSI 22/11/2021 (Shift-I) UKPSC AE 2012-13 / UPSI 01/12/2021 (Shift-II) / UPSI 02/12/2021 (Shift-III) Uttarakhand Assi. Pro. 2017 / DSSSB LDC, 30/08/2015**
हिंदी साहित्य का नौवाँ रस है– **शांत**	**UPSI 30/11/2021 (Shift-III)**
मन रे तन कागद का पुतला। लागै बूँद बिनसि जाय छिन में, गरब करे क्या इतना।। इन पंक्तियों में रस है– **शांत रस**	**ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015**
अन्य	
हृदय में मूलरूप से विद्यमान रहने वाले भावों को क्या कहते हैं- **स्थायीभाव**	**UPP Assistant Operator 08.02.2024 (Shift-I)**
एक ओर अजगरहि लखि एक ओर मृगराय। विकल बटोही बीच ही परयो मूरछा खाय।। इन पंक्तियों में प्रयुक्त रस हैः – **भयानक रस**	**UPP Constable Re-Exam (23.08.2024 Shift-I)**
एक ओर अजगरहि लखि एक ओर मृगराय। विकल बटोही बीच ही परयो मूरछा खाय।। इन पंक्तियों में प्रयुक्त रस हैः – **भयानक रस**	**UPP Constable Re-Exam (23.08.2024 Shift-II)**
भयानक रस का स्थायी भाव होता है– **भय**	**UPSI 21/11/2021 (Shift-I) UPSI 27/11/2021 (Shift-I)**
'भक्तिरस' के प्रतिष्ठापक आचार्य हैं– **रूपगोस्वामी**	**UPSI 24/11/2021 (Shift-II)**
माधुर्य गुण में वर्ण रहते हैं– **र-ल आदि कोमल वर्ण**	**UPSI 14/11/2021 (Shift-II)**
रस के अन्तर्गत नहीं आता है– **व्यंग्य**	**[UKPSC AE 2012]**
किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत। मनिमय कनक नंद के आँगन, बिंब पकरिबैं धावत ।। कबहुँ निरखि हरि आपु छाहँ को, कर सौं पकरन चाहत। किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ, पनि-पनि तिहिं अवगाहत ।। दी गई पंक्तियों में रस है– **वात्सल्य रस**	**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**
'भाव जिसके हृदय में रहते हैं' उसे कहते हैं– **आश्रय**	**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C', 2017**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

16 छन्द

अक्षरो की संख्या एवं क्रम, मात्रा गणना तथा यति-गति से सम्बद्ध विशिष्ट नियमों से नियोजित पद्यरचना 'छन्द' कहलाती है। छन्द की प्रथम चर्चा 'ऋग्वेद' में हुई थी। छन्दशास्त्र के आदि प्रणेता 'पिगल ऋषि' माने जाते है। छन्दशास्त्र को 'पिंगलशास्त्र' भी कहते हैं। अतः छन्द का दूसरा नाम 'पिंगल' भी है।

जिस प्रकार गद्य का नियामक व्याकरण है, उसी प्रकार पद्य का छन्द शास्त्र। छन्द का प्राण 'तुक' है।

1. **वर्ण-** वर्ण दो प्रकार के होते हैं- ह्रस्व वर्ण (अ, इ, उ, चन्द्र बिन्दु) और दीर्घ वर्ण (आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अनुस्वार और विसर्ग)। ह्रस्व को लघु तथा दीर्घ को गुरु कहा जाता है। लघु की एक तथा गुरु की दो मात्राएँ गिनी जाती हैं।
2. **मात्रा-** मात्रा केवल स्वर की होती है। लघु मात्रा का चिह्न (।) तथा दीर्घ मात्रा का चिह्न (ऽ) है। मात्रिक छन्दों में मात्रा गिनकर ही छन्दों की पहचान की जाती है।
3. **यति-** छन्द को पढ़ते समय प्रत्येक चरण के अन्त में ठहरना पड़ता है इसी ठहराव को यति कहते हैं।
4. **गति-** कविता के कर्णमधुर प्रवाह को 'गति' कहते हैं। प्रत्येक छन्द की अपनी एक लय होती है।
5. **पाद या चरण-** प्रत्येक छन्द में कम से कम चार चरण होते है इनमें प्रत्येक पंक्ति अर्थात् छन्द के चतुर्थांश को चरण कहते हैं। चरण को पद या पाद भी कहते हैं।
6. **तुक-** चरण के अन्त में आने वाले समान वर्णों को 'तुक' कहते हैं। जैसे- ताके-जाके आदि।
7. **गण-**तीन-तीन वर्णों के समूह को 'गण' कहा जाता है। 'यमाताराजभानसलगा' सूत्र के आधार पर गणों की संख्या आठ है, वार्णिक छन्दों की पहचान इसी के आधार पर होती है।





Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks



प्रमुख मात्रिक छन्द

1. **चौपाई:** चौपाई सम मात्रिक छन्द का एक भेद है। इसमें चार चरण होते है; प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं। चरणान्त में गुरु मात्रा होती है।
जैसे- बंदउँ गुरु पद पदुम परागा।
सुरुचि सुबास सरस अनुरागा।।
अमिअ मूरिमय चूरन चारु।
समन सकल भव रुज परिवारू।।

2. **दोहा छन्द :** यह अर्धसम मात्रिक छन्द है। इसके प्रथम एवं तृतीय चरण में 13-13 मात्राएँ तथा दूसरे और चौथे चरण में 11-11 मात्राएँ होती हैं। हिन्दी के मुक्तक काव्यों में इसका सर्वाधिक प्रयोग होता है। जैसे-
श्रीगुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुर सुधारि।
बरनउँ रघुबर विमल जसु, जो दायकु फल चारि।।

3. **सोरठा छन्द :** यह अर्धसम मात्रिक छन्द है। यह दोहे के विपरीत छन्द है। इसके प्रथम एवं तृतीय चरण में 11-11 मात्राएँ और दूसरे एवं चौथे चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं। जैसे-
मूक होई वाचाल, पंगु चढ़ै गिरिवर गहन।
जासु कृपा सु दयाल, द्रवहु सकल कलिमलदहन।।

4. **रोला छन्द :** यह सममात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 11 और 13 के क्रम से 24 मात्राएँ होती हैं। इसके अन्त में दो गुरु और दो लघु वर्ण होते हैं।
जैसे- जो जगहित पर प्राण निछावर है कर पाता।
जिसका तन है किसी लोकहित में लग जाता।।

5. **दिकपाल :** यह सममात्रिक छन्द है। यह 24 मात्राओं का छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 12-12 मात्राओं पर यति होती है और 24 मात्राएँ बनती हैं।
जैसे- जाना न दूर हमसे, वादा किया निभाना।
चाहूँ सदा सनम में, दीदार-यार पाना।।

6. **गीतिका छन्द :** यह सममात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 26 मात्राएँ हैं जो 14, 12 पर यति होती है। चरण की तीसरी, दसवीं, सत्रहवीं, चौबीसवीं, मात्राएँ लघु होनी चाहिए। चरण के अन्त में गुरु का होना अनिवार्य है।
जैसे- मातृभू-सी मातृभू है, अन्य से तुलना नहीं।

7. **हरिगीतिका :** यह सममात्रिक छन्द है। यह 28 मात्राओं का छन्द है इसमें 16-12 पर यति होती है। अन्त में लघु, गुरु आना अनिवार्य है। अधिकांशतः यह छन्द ईश-वन्दना में प्रयोग किया जाता है। जैसे-
मुरली अधर धर श्याम सुन्दर, जब लगाते तान हैं।
सुनकर मधुर धुन भावना में, बह रहे रसखान हैं।

8. **रूपमाला :** यह सममात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ होती हैं जो 14-10 पर यति देकर बनती हैं। पदान्त में गुरु, लघु रखने का नियम है। जैसे-
लेकर दही मोहिनी को, राह में घनश्याम।
राधिका की बाँह पकड़े, पूछता है नाम।।

9. **तांटक छन्द :** यह सममात्रिक छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 16-14 पर यति देकर 30 मात्राएँ होती हैं। प्रसाद ने 'कामायनी' में प्रधानतः इस छन्द का प्रयोग किया है। जैसे-
उस तपस्वी से लम्बे थे, देवदार दो चार खड़े।

10. **बरवै छन्द :** यह अर्धसम मात्रिक छन्द है। इसके प्रथम और तृतीय चरण में 12-12 मात्राएँ तथा द्वितीय एवं चतुर्थ चरण में 7-7 मात्राएँ होती हैं। जैसे-
वाम अंग शिव शोभित, शिवा उदार।
सरद सुवारिद में जनु, तड़ित बिहार।।

11. **उल्लाला छन्द :** यह अर्धसम मात्रिक छन्द है। इसके प्रथम एवं तृतीय चरण में 15-15 मात्राएँ और द्वितीय एवं चतुर्थ चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं।
जैसे- हिन्दी के उद्धार हित, कष्ट अनेकन जिन सहे।
भारतेन्दु हरिश्चन्द की, उज्ज्वल कीर्ति सदा रहे।।

12. **छप्पय छन्द (4 रोला + 2 उल्लाला) :** इस छन्द के छः चरण होते हैं। प्रथम चार चरण रोला के और शेष दो चरण उल्लाला के होते हैं।
जैसे- जिसकी रज में लोट-लोट कर बड़े हुए हैं।
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं।।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाये।
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाये।।
हम खेले कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में।
हे मातृ भूमि तुझको निरख, मग्न क्यों न हो मोद में।।

13. **कुण्डलिया छन्द (2 दोहा + 4 रोला) :** यह छः चरणों का छन्द है। इसके प्रथम दो चरण दोहा के और शेष चार चरण रोला के होते हैं।

जैसे- चौदह चक्कर खायेगी जब यह भूमि अभंग,
घूमेंगे इस ओर तब प्रियतम प्रभु के संग।
प्रियतम प्रभु के संग आयेंगे तब हे सजनी,
अब दिन पर दिन गिनो और रजनी पर रजनी।
पर पल-पल ले रहा यहाँ प्राणों से टक्कर,
कलह–मूल यह भूमि लगावे चौदह चक्कर।।



1. **मालिनी :** यह वार्णिक छन्द हैं, जिसमें चार चरण होते हैं। इसके प्रत्येक चरण में 15 वर्ण होते हैं, जो 2 नगण, 1 मगण, 2 यगण से मिलकर बनते हैं। जैसे-

प्रभुदित मथुरा के मानवों को बनाके।
विलसित उर में है जो सदा देखता सा।।

2. **द्रुतविलम्बित :** इसके प्रत्येक चरण में 12 वर्ण होते हैं जो एक नगण, दो भगण और एक रगण से मिलकर बनते हैं। जैसे-

दिवस का अवसान समीप था।
गगन था कुछ लोहित हो चला।।

3. **उपेन्द्रवज्रा :** यह एक वार्णिक छन्द है जिसमें चार चरण होते है। इसके प्रत्येक चरण में 11 वर्ण होते हैं जो जगण, तगण, और दो गुरु वर्ण से मिलकर बनते हैं। जैसे-

बड़ा कि छोटा कुछ काम कीजै।
परन्तु पूर्वा पर सोच लीजै।।

4. **तोटक :** यह एक वार्णिक छन्द है। इसमें चार चरण होते हैं। इसके प्रत्येक चरण में 12 वर्ण होते हैं जो 4 सगण से मिलकर बनते हैं। जैसे-

जयराम सदा सुखधाम हरे।
रघुनायक सायक चाप धरे।।

5. **भुजंगप्रयात :** इसके प्रत्येक चरण में 12 वर्ण होते हैं जो 4 यगण से मिलकर बनते हैं। जैसे-

जिसे जन्म की भूमि भाती नहीं है।
जिसे देश की याद आती नहीं है।।

6. **रूपघनाक्षरी :** इसके प्रत्येक चरण में 32 वर्ण होते हैं, जो 16-16 पर यति देकर बनते हैं। चरण के अन्त में गुरु, लघु होना अनिवार्य है।

जनता लेकर नोट, अपना देती है वोट,
सहती है फिर चोट, बड़े यहाँ मजबूर।
सही नहीं जिसका कर्म, चाहते है उनसे धर्म,
समझते नहीं मर्म, वह कैसे हैं हुजूर।।

7. **मनहरण या कवित्त :** यह वार्णिक समवृत्त छन्द है। इसके प्रत्येक चरण में 31 वर्ण होते हैं, जो 8-8, 8-7 पर यति देकर बनते हैं। और अन्तिम वर्ण गुरू होता है। तुक चारो चरणो मे होती है।

जैसे- भारती जन वीर, धारते है खूब धीर,
मारते हैं शत्रुओं को, झेलते हैं गोलियाँ।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

EXAM POINT

परिभाषा

छंदशास्त्र ग्रंथ 'सुवृत्त तिलक' के रचयिता हैं-	**क्षेमेन्द्र**	**UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-II)**
'छंदानुशासन' के रचयिता कौन हैं-	**हेमचन्द्र**	**UPP Workshop Staff 29.01.2024 (Shift-I)**
छंदों की गणना की जाती है–	**वर्ण और मात्रा**	**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**
'कमला' में गण-रूप है–	**सगण**	**UPSI 22/11/2021 (Shift-II)**
छंद की दृष्टि से गणों की संख्या है–	**8**	**UPASI 05/12/2021 (Shift-I) UPASI 25/11/2021 (Shift-II)**
अनुष्टुप है–	**एक छंद**	**UP TGT 2009**
छप्पय में होते हैं –	**प्रथम चार चरण रोला के और अंतिम दो चरण उल्लाला के**	**Delhi K.V. PGT 2015 मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015 UP PGT 2002**

चौपाई

दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद हैं, ''कंकन किंकिन नूपुर धुनि सुनि। कहत लखत सन राम हृदय गुनि।।''-	**चौपाई**	**UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-I)**
सोलह मात्राओं वाला छंद है–	**चौपाई**	**UPSI 14/11/2021 (Shift-I) UPSI 13/11/2021 (Shift-I)**
'बंदऊँ गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा।। अमिअ मूरियम चूरन चारू। समन सकल भव रुज परिवारू ।।' में कौन-सा छन्द है–	**चौपाई**	**UPSI 17/11/2021 (Shift-III)**
'रामकथा सुन्दर करतारी, संसय विहग उड़ावन हारी' इस पंक्ति में छन्द है–	**चौपाई**	**DSSSB LDC, 30/08/2015 MP Asst. Prof. Hindi, 2017**
जो मात्रिक सम छंद है। प्रत्येक चरण में 16 मात्राएं होती है उसे कहते हैं–	**चौपाई**	**UASI 05/12/2021 (Shift-I) UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift UKPSC AE-2017 ग्राम पंचायत अधि.परीक्षा 2015 वनरक्षक परीक्षा-2015 UPTGT-2004**
दामिनी दमक रह न घन मांही। खल कै प्रीति जथा थिर नांही।। इन पंक्तियों में छंद है–	**चौपाई**	
मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदशरथ अजिर बिहारी।। इन पंक्तियों में छन्द का प्रयोग हुआ है–	**चौपाई**	**UP TGT 2011**
सुन सिय सत्य असीस हमारी। पूजहि मन कामना तुम्हारी।। दी गई पंक्तियों में छंद है–	**चौपाई**	**UP SI 2001**
'चौपाई' छंद का पूर्व रूप है–	**चौपाई**	**UGC NET III[rd] Paper June, 2016**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

रोला	
किसे 'काव्यछंद' कहा गया है– **रोला**	**UPP Head Operator 30.01.2024 (Shift-III)**
वह सम मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में 24-24 मात्रायें हों तथा प्रत्येक चरण में 11वीं एवं 13वीं मात्रा पर यति होती हो, छंद कहा जायेगा– **रोला**	**UPSI 12/11/2021 (Shift-III)** **UP TGT 2009**
हरिगीतिका	
''अन्याय सहकर बैठ रहना, यह महा दुष्कर्म है, न्यायार्थ अपने बन्धु को भी, दण्ड देना धर्म है। इस तत्व पर ही कौरवों से, पाण्डवों का रण हुआ, जो भव्य भारतवर्ष के, कल्पान्त का कारण हुआ।'' में छन्द है– **हरिगीतिका**	**UPSI 16/11/2021 (Shift-III)**
हरिगीतिका छंद में मात्राएं होती हैं– **28**	**UPSI 24/11/2021 (Shift-I)**
हम जो कुछ देख रहे हैं, सुन्दर है सत्य नहीं है। यह दृश्य जगत भासित है, बिन कर्म शिवत्व नहीं है।। उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में छन्द है– **चौदह-चौदह मात्राओं की यति से 28 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द**	**UP PGT 2005**
'मंगल करनि, कलि मल हरनि, तुलसी कथा, रघुनाथ की'। उपर्युक्त पंक्ति में छंद है– **हरिगीतिका**	**DIET PGT. 2014**
'कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।' इस पंक्तियों में छन्द है– **हरिगीतिका**	**KVS PGT Hindi, 2017**
बरवै	
बरवै छंद है– **अर्द्ध-सममात्रिक**	**UPP Constable Re-Exam (30.08.2024 Shift-I)**
अवधी का निजी छंद है– **बरवै**	**UP TGT 2004**
जिस छन्द के प्रथम तथा तृतीय चरण में 12-12 मात्राएँ एवं द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में 7-7 मात्राएं होती हैं, साथ ही सम चरणों के अन्त में जगण (। ऽ ।) होता है, वह छन्द है – **बरवै**	**GIC PGT 2012** **UP TGT 2005**
'अवधि-शिला का उर पर, था गुरु भार। तिल-तिल काट रही थी, दृग जल धार।।' इस उद्धरण में प्रयुक्त छन्द है– **'बरवै'**	**UP TGT 2021** **UPSI 12/11/2021 (Shift-II)** **GIC. PGT 2015**
दोहा	
अर्द्धसम मात्रिक का छंद है- **दोहा**	**UPP Constable 18.02.2024 (Shift-II)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद हैं। ''भरतहि होई न राजमद, विधि हरिहर पद पाई। कबहुँकि कांजी सीकरनि, छीर सिंधु बिनसाई।।''- **दोहा**	**UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-II**
अपभ्रंश का सर्वाधिक लोकप्रिय छंद है– **दोहा**	**UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- I)**
अर्ध सम मात्रिक जाति का छंद है– **दोहा**	**UPSI 30/11/2021 (Shift-II)**
रहिमन चुप ह्वै बैठिये देखि दिनन के फेर। जब नीके दिन आइहैं, बनत न लगिहैं बेर।। उपर्युक्त पंक्तियों में छंद है– **दोहा**	**DSSSB LDC, 30/08/2015** **UP TGT 2009**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

''श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुरु सुधार। बरनौ रघुवर विमल जस, जो दायक फल चारि।।'' में छन्द है– **दोहा छन्द**	**UP SI 2001**
दोहा छंद में चरण होते हैं– **चार**	**UPP Constable, 2017**
'दोहा' के प्रथम चरण में मात्राएं होती हैं– **13**	**UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift**
निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति कौ मूल। बिन निज भाषा ज्ञान कै, मिटै न हिय कौ शूल।। इन पंक्तियों में छन्द है– **दोहा**	**UP SI 2001** **UP TGT 2011**
मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोय। जा तन की झाँई परै, स्याम हरित दुति होय।। उपर्युक्त पंक्ति में छंद है– **दोहा छंद**	**[UKPSC AE 2012]**
'दोहा' छंद की प्रत्येक पंक्ति में मात्राएँ हैं– **24**	**[UKPSC AE 2012]**
सोरठा	
सोरठा के द्वितीय और चतुर्थ चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं- **13**	**UPP Constable 17.02.2024 (Shift-I)**
शिल्पगत आधार पर दोहे से उलटा छंद है- **सोरठा**	**UPP Constable 17.02.2024 (Shift-II)**
'सोरठा छंद' की विषम पंक्तियों में कितनी मात्राएँ होती हैं– **11**	**UPP Constable Re-Exam (24.08.2024 Shift-II)**
'सुनि केवट के बैन, प्रेम लपेटे अटपटे। बिहसे करुणाऐन चितई जानकी लखन तन ।।'' में छन्द है– **सोरठा**	**UPSI 15/11/2021 (Shift-III)**
'सोरठा' के प्रथम चरण में मात्राएँ होती हैं– **11**	**UP TGT 2004**
''जिहि सुमिरत सिधि होइ। गननायक करिवर बदन। करहु अनुग्रह सोइ। बुद्धि राशि सुभ गुन सदन।।'' उपर्युक्त पंक्तियों में छन्द है – **सोरठा**	**UP PGT 2000**
मात्रा-क्रम की दृष्टि से दोहा के ठीक विपरीत पड़ने वाले छंद का नाम है– **सोरठा**	**म.प्र. उच्च माध्यमिक शिक्षा भर्ती परीक्षा - 2018** **UP TGT 2001, 2004** **UP PGT 2001**
कुंडलिया	
दोहा और रोला छंद को क्रम से मिलाने पर छंद बनता है- **कुण्डलियाँ**	**UPP Constable 18.02.2024 (Shift-I)**
कुण्डलिया छंद दो छंदों के योग से बनता है। वे छंद हैं– **दोहा-रोला**	**UPSI 13/11/2021 (Shift-III)**
वह छंद जिसका प्रथम व अंतिम शब्द एक-सा होता है– **कुंडलियाँ**	**Delhi K.V. PGT 2015** **चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**
कुंडलियाँ छंद में चरण होते हैं– **छह**	**UP SI 2001** **UP SI 13/11/2021 (Shift -I)**
वर्णिक छंद के अन्तर्गत आता है– **सवैया**	**UPSI 14/11/2021 (Shift-II)** **UP TGT 2013**
'या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँपुर को तजि डारौ।' में प्रयुक्त छन्द है– **सवैया**	**UP PGT 2003**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

गीतिका	
वह छन्द जिसमें 26 मात्राएँ होती हैं तथा 14–12 पर यति होती है– **गीतिका**	**ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016**
घनाक्षरी	
घनाक्षरी छन्द है– **वर्णिक**	**UP PGT 2005 UPSI 15/11/2021 (Shift-I)**
अन्य	
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- लज्जेव शूरस्य मुजेव यूनो, सम्भूषणं तस्य नृपस्य सैव।।- **इंद्रवज्रा**	**UPP Assistant Operator 08.02.2024 (Shift-II)**
दिए गए वाक्यांश में प्रयुक्त छंद हैं- 'न हाथ रोका नत माथ बोला, तड़ाग झूमा नथ मुस्कराया '- **उपेन्द्रवज्रा**	**UPP Assistant Operator 07.02.2024 (Shift-I)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- "निराले फूलों की, विविध दलवाली अनुपमा। जड़ी-बूटी ही हो, बहुफलवती श्री वीलासती।।"- **शिखरिणी**	**UPP Assistant Operator 06.02.2024 (Shift-I)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- गिरिन्द्र में व्याप्त विलोकनीय थी, वनस्थली मध्य प्रशंसनीय थी। अपूर्व शोभा अवलोकनीय थी, असेत जम्बालिनी कूल जम्बुकीय।।- **वंशस्थ**	**UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-II)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- "हे शरण दायिनी देवि तू, करती सबका भाण है। हे मातृमूमि! संतान हम, तू जननी तू प्राण है।।"- **उल्लाला**	**UPP Assistant Operator 05.02.2024 (Shift-I)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- "फागुन में मन झूम रहा अब आन मिलो हमसे सजना। रंग गुलाल मलो मुख पे पायल चाह रही बजना।"- **मदिरा**	**UPP Assistant Operator 04.02.2024 (Shift-I)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- "कबहुँ ससि माँगत आरि करें, कबहुँ प्रतिबिंब निहारि डरैं।"- **दुर्मिल**	**UPP Assistant Operator 03.02.2024 (Shift-II)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- "मैं नारी हूँ तरल उर हुँ, प्यार से वंचिता हुँ। मैं होती हुँ विकल विमना, व्यस्त वैचित्र्य क्या है।।"- **मंदाक्रांता**	**UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-I)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- "इक-दिन सब-कुछ छोड़-छाड़ ये, पंछी उड़ जाएगा" क्या खोया क्या पाया जग में, सोच नहीं पाएगा।।"- **सार**	**UPP Assistant Operator 02.02.2024 (Shift-II)**
दिए गए काव्यांश में प्रयुक्त छंद है- "जब विरह विधाता ने सृजा विश्व में था, तब स्मृति रचने कौन-सी चातुरी थी"- **चम्पकमाला**	**UPP Assistant Operator 01.02.2024 (Shift-II)**
रोला और उल्लाला का कर्म से मिलने पर छन्द बनता है– **छप्पय**	**UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- II)**
'वसंततिलका' छंद में कितने वर्ण होते हैं – **14**	**UPP Head Operator 31.01.2024 (Shift- I)**
छप्पय के अन्तिम दो चरण किस छंद के होते हैं- **उल्लाला**	**UPP Workshop Staff 30.01.2024 (Shift-I)**
'द्रुतविलंबित' मे गणों का क्रम होता है– **नगण, भगण, भगण रगण**	**UPSI 12/11/2021 (Shift-I)**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

आल्हा छंद में मात्राएं होती हैं– **31**	**UPSI 15/11/2021 (Shift-II)**
वसंततिलका का दूसरा नाम है– **सिंहोन्नता**	**UPSI 16/11/2021 (Shift-I)**
"बात बड़ी सरस थे कहते बिहारी, छोटे बड़े सकल का हित चाहते थे। अत्यंत प्यार सँग थे मिलते सबों से, वे थे सहायक बड़े दुःख के दिनों के।" में छन्द है– **वसंततिलका**	**UPSI 16/11/2021 (Shift-III)**
"साँप!" तुम सभ्य तो हुए नहीं, नगर में बसना भी तुम्हें नहीं आया। एक बात पूछूँ (उत्तर दोगे?) तब कैसे सीखा डसना विष कहाँ पाया?" उपर्युक्त कविता में छन्द है– **मुक्तक छन्द**	**UPSI 21/11/2021 (Shift-I)**
"मैं जो नया ग्रंथ विलोकता हूँ। भाता मुझे जो नव मित्र सा है।। देखू उसे मैं नित सार बाला। मानो मिला मित्र मुझे पुराना।।" में छन्द है– **इंद्रवज्रा**	**UPSI 21/11/2021 (Shift-III)**
"दिनान्त था, थे दिननाथ डूबते, सधेनु आते गृह ग्वाल बाल थे। दिगंत में गो रज थी समुत्थिता, विषाण नाना बजते सवेणु थे।" में छन्द है– **वंशस्थ**	**UPSI 17/11/2021 (Shift-I)**
"हे शरणदायिनी देवी! तू करती सबका त्राण है। तू मातृभूमि, संतान हमें, तू जननी, तू प्राण है।" में छन्द है– **उल्लाला**	**UPSI 17/11/2021 (Shift-II)**
'छप्पय' दो छंदों का मिश्रण है। वह छंद है– **रोला और उल्लाला**	**UPSI 15/11/2021 (Shift-I)** **UPSI 23/11/2021 (Shift-II)**
"बना लो जहाँ ही वहीं स्वर्ग होगा, स्वयंभूत थोड़ा कहीं स्वर्ग होगा। खलों को कहीं भी नहीं स्वर्ग होगा, भलों के लिए तो यहीं स्वर्ग होगा।' में छन्द है– **भुजंगप्रयात**	**UPSI 29/11/2021 (Shift-III)**
प्रथम और तीसरे चरणों को कहा जाता है– **विषम चरण**	**UPSI 28/11/2021 (Shift-II)**
'सरसी' छन्द में होती है– **27 मात्राएँ, 16, 11 पर यति, अंत में गुरु – लघु**	**UP PGT 2000**
छन्दशास्त्र की प्रथम पुस्तक है– **छन्द सूत्र**	**Delhi K.V. PGT. 2015**
मात्रिक छन्दों में मात्राओं की संख्या है– **दो**	**KVS. PGT. 2014**
'अराति–सैन्य सिन्धु में सुबाडवाग्नि से जलो, प्रवीर हो जयी बनो, बढ़े चलो।' में गण हैं– **जगण रगण जगण रगण जगण गुरु**	**UP PGT 2000**
छंद पढ़ते समय आने वाले विराम को कहते हैं– **यति**	**ग्राम विकास अधि.परीक्षा, 2016**
'छन्दशास्त्र' के प्रणेता आचार्य माने जाते हैं– **पिंगल**	**UP TGT 2011**
सम मात्रिक छंद का उदाहरण है– **चौपाई**	**जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016**
चरण में मात्राओं की संख्या (कम से अधिक) के आधार पर मात्रिक छंदों का सही अनुक्रम होगा– **चौपाई- पीयूषवर्धक- रोला- गीतिका**	**UGC NET II[nd] Paper Dec. 2013**
मात्रिक छन्द है– **दोहा, चौपाई, रोला**	**KVS. PGT. 2014** **UP TGT 2011**
चरण में वर्णों की संख्या (कम से अधिक) के आधार पर इन वर्णिक छंदों का सही अनुक्रम होगा– **इन्द्रवज्रा-वसन्ततिलका-मन्दाक्रान्ता-शार्दूल विक्रीडित**	**UGC NET II[nd] Paper June, 2013**
वर्णिक छन्दों में विचार होता है– **वर्ण का**	**UP PGT 2000**
वर्णिक छंद है– **उपेंद्रवज्रा**	**GIC. PGT 2012**
वर्णिक छन्दों में गण के प्रकार हैं– **आठ**	**KVS. PGT. 2014** **आबकारी सिपाही परीक्षा 2015**
छन्द का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है– **ऋग्वेद**	**[UPSI 20.07.2017 Shift II]**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

17 अलंकार

आचार्य वामन के अनुसार : जो किसी वस्तु को अलंकृत करे, वह अलंकार है- 'अलङ्कृतिरलङ्कारः' जिस प्रकार आभूषण स्वर्ण से बनते हैं, उसी प्रकार 'अलंकार' भी सुवर्ण (सुन्दर वर्णों) से बनते हैं।

संकीर्ण अर्थ में काव्यशरीर अर्थात् भाषा को शब्दार्थ से सुसज्जित तथा सुंदर बनाने वाले चमत्कार पूर्ण मनोरंजक ढंग को अलंकार कहते हैं।

'अलंकार' की व्युत्पत्ति 'अलम् + कृ + घञ्' से हुई है, जिसका अर्थ है 'आभूषण'। भूषित करने वाले उपादान को अलंकार कहा जाता है।

- आचार्य भामह ने वक्रोक्ति को सम्पूर्ण अलंकारों में व्याप्त मानते हुए उसे अलंकारों का एकमात्र आश्रय माना है।
- आचार्य भामह 'अलंकार सम्प्रदाय' के प्रवर्तक हैं।

अलंकार के संबंध में विद्वानों के मत निम्नवत् हैं:-	
भामह	न कान्तामपि निर्भूषं विभाति वनिता मुखम्।
दण्डी	काव्य शोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते।
वामन	काव्य शोभायाः कर्तारौ धर्माःगुणा तद्अतिशयहेतवस्तलंकाराः।।''
जयदेव	असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलंकृती।
आचार्य शुक्ल	भावों का उत्कर्ष दिखाने और वस्तुओं के गुण और क्रिया का अधिक तीव्र अनुभव कराने में कभी-कभी सहायक होने वाली युक्ति अलंकार है।

अलंकार के मुख्य भेद-

अलंकार के मुख्यतः तीन भेद किए जा सकते हैं-

शब्दालंकार :

जहाँ शब्दों के माध्यम से चमत्कार उपस्थित हो, वहाँ शब्दालंकार होता है। शब्दालंकार के प्रमुख भेद निम्नवत हैं:-

अनुप्रास अलंकार : जिस अलंकार में व्यंजन वर्णों की आवृत्ति हो वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। इसके पाँच भेद होते हैं–



छेकानुप्रास : जहाँ पर अनेक व्यंजनों या वर्णों की एक बार आवृत्ति हो, वहाँ छेकानुप्रास अलंकार होता है। जैसे-

जन रंजन, भञ्जन दनुज, मनुज रूप सुर भूप।
विश्व बदर इवधृत उदर, जोवत सोवत सूप।।

इसमें जन, नुज, दर, वत की एक बार आवृत्ति है।

वृत्यानुप्रास : जहाँ एक व्यंजन की आवृत्ति एक या अनेक बार हो, वहाँ वृत्यानुप्रास होता है। रसानुकूल वर्णों की योजना को वृत्ति कहा जाता है। जैसे- सेस, महेस गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरंतर गावैं।

यहाँ 'स' वर्ण की आवृत्ति अनेक बार हुई है।

श्रुत्यानुप्रास : जहाँ पर एक ही स्थान जैसे कण्ठ, तालु आदि से उच्चरित होने वाले वर्णों की आवृत्ति हो, वहाँ श्रुत्यानुप्रास होता है। यथा-तुलसीदास सीदत निसिदिन देखत तुम्हारि निठुराई।

निसिवासर सात रसातल लौ सरसात घने घन बंदन नाख्यौ।

अन्त्यानुप्रास : छन्द के अन्तिम चरण में स्वर-व्यंजन की आवृत्ति अन्त्यानुप्रास कहलाती है। यथा-

कुन्द इन्दु सम देह, उमा-रमन करूना अयन।
जाहि दीन पर नेह, करहु कृपा मर्दन मयन।।

यह सामान्य-विषमान्त्य का उदाहरण है। इसी प्रकार अन्य उदाहरण हैं। सवैया प्रायः सर्वान्त्य होता है, दोहा प्रायः समान्त्य, सोरठा विषमान्त्य, चौपाई सम-विषमान्त्य होती है।

लाटानुप्रास : जहाँ पर शब्द और अर्थ एक ही रहते हैं, परन्तु अन्य पद के साथ अन्वय करते ही तात्पर्य या अभिप्राय भिन्न रूप से प्रकट होता है, वह लाटानुप्रास होता है। जैसे-

राम हृदय जाके नहीं, बिपति सुमंगल ताहि।
राम हृदय जाके नहीं बिपति सुमंगल ताहि।।



जहाँ पर शब्द की अनेक बार भिन्न अर्थों में आवृत्ति होती है, वहाँ पर यमक अलंकार माना जाता है जैसे-

तो पर वारौं उरबसी, सुनु राधिके सुजान।
तू मोहन के उर बसी, ह्वै उरबसी समान।।

यहाँ पर 'उरबसी' की अनेक अर्थों में आवृत्ति है।



जहाँ पर श्लेषार्थी शब्द अथवा काकु (कण्ठ की विशेष ध्वनि) के प्रत्यक्ष अर्थ के स्थान पर दूसरा अर्थ कल्पित किया जाय, वहाँ पर वक्रोक्ति अलंकार होता है। इसके दो भेद है।



उदाहरण- मैं सुकुमारि नाथ बन जोगू, तुमहि उचित तप मो कह भोगू।



जहाँ पर ऐसे शब्दों का प्रयोग हो जिनसे एक से अधिक अर्थ निकलते हों, वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। जैसे-

कुजन पाल गुनबर्जित अकुल अनाथ।
कहौं कृपानिधि राउर कस गुननाथ।।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

यहाँ कुजन पाल का अर्थ है- कु = पृथ्वी, जन = सेवक अर्थात् पृथ्वी और भक्तों का पालन करने वाला तथा दुर्जनों का पालन करने वाला। इसी प्रकार गुनबर्जित = गुणहीन, गुणों से परे, अकुल = कुलहीन, कुल की सीमा से परे अनाथ = जिसका कोई स्वामी नहीं अर्थात् सबका स्वामी तथा जिसका कोई धनी धोरी न हो।

वीप्सा

जब दुःख, आश्चर्य, आदर, हर्ष, शोक इत्यादि जैसे विस्मयादि बोधक भावों को व्यक्त करने के लिए शब्दों की पुनरावृत्ति की जाए तब उसे ही वीप्सा अलंकार कहते हैं। जैसे-

मोहि-मोहि मोहन को मन भयो राधामय।
राधा मन मोहि-मोहि मोहन मयी-मयी।।

पुनरुक्ति प्रकाश

जहाँ भाव को अधिक प्रभावपूर्ण और रूचिकर बनाने के लिए शब्द अनेक बार प्रयोग किया जाता है। जैसे-

मधुमास में दासजू बीस बिसे मनमोहन आइहैं आइहैं आइहैं।
उजरे इन भौनन को सजनी सुख पुंजन छाइहैं छाइहैं छाइहैं।
अब तेरी सों ऐरी न संक एकंक बिथा सब जाइहैं, जाइहैं, जाइहैं।
घनश्याम प्रभा लखिकै सखियाँ अँखियाँ सुख पाइहैं, पाइहैं, पाइहैं।।

पुनरुक्तिवदाभास

जहाँ समानार्थी शब्दों के प्रयोग से पुनरुक्ति-सी जान पड़ती है, पर वास्तव में पुनरुक्ति होती नहीं है, वहाँ पुनरुक्तिवदाभास अलंकार होता है। जैसे-

अली भौंर गूँजन लगे, होन लगे दल पात।
जहँ तहँ फूले रूख तरु, प्रिय प्रीतम किमि जात।।

अर्थालंकार

अर्थालंकार में किसी शब्द विशेष के कारण चमत्कार नहीं रहता, वरन् उसके स्थान पर यदि दूसरा समानार्थी शब्द रख दिया जाय, तो भी अलंकार बना रहेगा, क्योंकि यह चमत्कार अर्थगत होता है। यहाँ प्रमुख अर्थालंकारों का परिचय दिया जाता है।

उपमा

जहाँ एक वस्तु की तुलना रूप, गुण, धर्म के आधार पर किसी अन्य वस्तु से की जाती है, वहाँ उपमा अलंकार होता है। उपमा अलंकार के चार अंग हैं-

उपमेय : जिस वस्तु या पदार्थ की समता की जाती है या उपमा दी जाती है, वह उपमेय कहलाता है। इसी को विषय, वर्ण्य या प्रस्तुत भी कहते हैं।

उपमान : जिस वस्तु या पदार्थ से किसी उपमेय की समता या तुलना की जाती है उसे उपमान कहते हैं। यह विषयी अवर्ण्य या अप्रस्तुत भी कहलाता है।

वाचक : उपमेय और उपमान की समता प्रकट करने वाले शब्द वाचक शब्द कहलाते हैं। जैसे- ज्यों, सम, सा, सी, तुल्य इत्यादि।

धर्म : उपमेय और उपमान में जो रूप, गुण, कर्म का साम्य दिखाया जाता है वह धर्म कहलाता है। जैसे-

'पीपर पात सरिस मन डोला' में 'मन' 'उपमेय' पीपर पात 'उपमान' सरिस वाचक और 'डोलना' धर्म है।

स्मरण

किसी सदृश वस्तु को देखकर जहाँ पूर्वानुभूत वस्तु का स्मरण हो जाता है, वहाँ पर स्मरणालंकार हो जाता है। जैसे-

सघन कुंज छाया सुखद, सीतल मंद समीर।
मन है जात अजौं वहै, वा जमुना के तीर।।

भ्रान्तिमान अलंकार

जहाँ पर उपमेय को देखने से सादृश्य के कारण उपमान का भ्रम हो जाय, वहाँ पर भ्रान्तिमान अलंकार होता है। जैसे-

पायँ महावर देन को नाइन बैठी आय।
फिर फिर जानि महावरी, एँड़ी मीड़त जाय।।

सन्देह अलंकार

जहाँ किसी वस्तु को देखकर अत्यन्त समानता के कारण दूसरी वस्तु का संशय हो जाता है, पर निश्चय नहीं होता है, वहाँ सन्देह अलंकार होता है। कि, क्या, धौं, किधौं, या, अथवा इसके वाचक शब्द है। जैसे-

सारी बीच नारी है कि नारी बीच सारी है।
सारी ही की नारी है कि नारी ही की सारी है।।

प्रतीप अलंकार

प्रतीप का तात्पर्य होता है उल्टा या विपरीत। यहाँ उपमा का उल्टा रूप दिखाया जाता है। जहाँ पर प्रसिद्ध उपमान को उपमेय और उपमेय को उपमान सिद्ध करके चमत्कारपूर्वक उपमेय या उपमान की उत्कृष्टता दिखायी जाती है, वहाँ पर 'प्रतीप अलंकार' होता है। **जैसे-**

दूर-दूर तक विस्तृत था हिम।
स्तब्ध उसी के हृदय समान।।

रूपक अलंकार

जब प्रस्तुत या उपमेय पर अप्रस्तुत या उपमान का भेदरहित आरोप होता है, तब रूपक अलंकार होता है जैसे-

उदित उदय गिरि मंच पर, रघुबर बाल पतंग।
बिकसे संत सरोज सब, हरषे लोचन भृंग।।

रूपक के तीन प्रमुख भेद होते हैं-

1. **निरंग रूपक :** जहाँ एक उपमेय में एक ही उपमान का आरोप हो, उसे निरंग रूपक कहते हैं। इसे निरवयव भी कहते है।
   जैसे-हरि मुख पंकज, भ्रूव-धनुष, खंजन-लोचन मित्त।
   बिम्ब–अधर, कुण्डल-मकर, बसे रहत मो चित्त।।
2. **सांग रूपक :** जहाँ उपमेय में उपमान के अंगों का आरोप हो वहाँ सांग रूपक होता है। इसे सावयव भी कहते है।
   जैसे-नारि कुमुदिनी अवध सर, रघुवर विरह दिनेस।
   अस्त भये विकसित भई, निरखि राम राकेश।।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

3. **परम्परित रूपक :** परम्परित रूपक में एक रूपक के द्वारा दूसरे रूपक की पुष्टि होती है। जैसे-

राम कथा कलि पन्नग भरनी।
पुनि विवेक पावक कहँ अरनी।

उत्प्रेक्षा अलंकार

उत्प्रेक्षा : उत् + प्र + ईक्षा - अर्थात् प्रकृष्ट रूप से देखना। जहाँ पर उपमेय या प्रस्तुत की उत्कृष्ट उपमान या अप्रस्तुत के रूप में सम्भावना या कल्पना की जाय, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। यह संभावना वस्तु रूप में, हेतु रूप में और फल रूप में की जा सकती है। इस प्रकार उत्प्रेक्षा के तीन भेद किए जा सकते हैं- वस्तुत्प्रेक्षा, हेतुत्प्रेक्षा और फलोत्प्रेक्षा। उदाहरण -

सोहत ओढ़े पीत पट, श्याम सलोने गात।
मनो नील मनि सैल पर, आतप परयो प्रभात।।

अपह्नुति अलंकार

जहाँ पर प्रकृत, प्रस्तुत या उपमेय का प्रतिषेध करके अन्य अर्थात् अप्रस्तुत या उपमान की स्थापना की जाय, वहाँ अपह्नुति अलंकार होता है। जैसे-

यह नहि जावक है सखी, पिय अनुराग प्रमान।
हठि लाग्यो तव पगन मैं, मेटत मान गुमान।।

अतिशयोक्ति अलंकार

जहाँ पर लोक-सीमा का अतिक्रमण करके किसी विषय का वर्णन होता है, वहाँ पर अतिशयोक्ति अलंकार माना जाता है। जैसे-

बाँधा था बिधु को किसने इन काली जंजीरों से।
मणि वाले फणियों का मुख क्यों भरा हुआ हीरों से।।

दृष्टान्त अलंकार

जहाँ दोनों सामान्य या दोनों विशेष वाक्य में बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव होता है, वहाँ पर दृष्टांत अलंकार होता है, जैसे-

पगीं प्रेम नँदलाल के, हमैं न भावत जोग।
मधुप राजपद पाय के, भीख न माँगत लोग।।

अर्थान्तरन्यास अलंकार

जहाँ सामान्य कथन का विशेष के द्वारा तथा विशेष का सामान्य के द्वारा समर्थन होता है, वहाँ पर अर्थान्तरन्यास होता है। जैसे-

बड़े न हूजै गुनन बिनु, बिरद बड़ाई पाय।
कहत धतूरे सों कनक, गहनों गढ़ो न जाय।।

व्यतिरेक अलंकार

उपमेय की उपमान से अधिकता या न्यूनता सूचित करने वाले अलंकार को व्यतिरेक कहते हैं। जैसे-

सम सुबरन सुखमाकर सुखद न थोर।
सीय अंग सखि कोमल कनक कठोर।

व्याज स्तुति अलंकार

जहाँ पर स्तुति के वाक्यों द्वारा निंदा और निंदा के वाक्यों द्वारा स्तुति प्रकट होती है, वहाँ पर व्याज स्तुति अलंकार होता है। जैसे-

गंगा क्यों टेढ़ी चलती हो, दुष्टों को शिव कर देती हो।

अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार

जहाँ पर अप्रस्तुत का वर्णन करते हुए प्रस्तुत का लक्ष्य प्रकट होता है, वहाँ पर अप्रस्तुत प्रशंसा अलंकार होता है। जैसे-

दिन दस आदर पाय कै, करि लै आप बखान।
जौ लौ काग सराध पख, तौ लौ तो सनमान।।

विभावना अलंकार

जहाँ पर किसी रूप में कारण के बिना कार्य की उत्पत्ति का वर्णन किया जाय, वहाँ पर 'विभावना अलंकार' होता है। जैसे-

बिनु पद चलै सुनै बिनु काना। कर बिनु करम करै विधि नाना।
आनन रहित सकल रस भोगी। बिनु बानी बकता बड़ जोगी।।

असंगति अलंकार

जहाँ पर कारण, कार्य, स्थान, काल आदि की नियम विरुद्ध स्थिति दिखाई जाती है, वहाँ असंगति अलंकार होता है। जैसे-

दृग उरझत टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति।
परति गाँठि दुरजन हिये, दई नई यह रीति।।

विरोधाभास अलंकार

जहाँ पर किसी पदार्थ, गुण या क्रिया में विरोध दिखलाई पड़े, वहाँ विरोधाभास अलंकार होता है। जैसे-

'कंगाली में आटा गीला' लोकोक्ति का सटीक अभिप्राय है– **कष्ट पर कष्ट आना**	**SSC GD 23/01/2023 (Shift-IV) KVS PRT 28-02-2023 (Shift-I) MPTET (I-V) 2017 UPSI Batch-II 16 Dec. 2017**
आ बैल मुझे मार। इसका अर्थ है– **जान–बूझ कर मुसीबत मोल लेना**	**UPSSSC वनरक्षक मुख्य परीक्षा : 2022 UPSI Batch - III 22 Dec.2017 UPSSSC Lower-2019 CTET (VI-VIII) 18.11/2018**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

'यह मुँह और मसूर की दाल' - लोकोक्ति का अर्थ होगा– **अपनी औकात से बढ़कर होना या करना।**	**NVS TGT 18.09.2019 [UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]**
मूल रूप में लोकोक्ति शब्द का प्रयोग ..... भाषा में मिलता है– **संस्कृत**	**[UKPSC AE 2013]**
लोकोक्ति का सामान्य अर्थ है– **लोक की उक्ति**	**उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)**
'.....चंगा तो कठौती में .....', लोकोक्ति को पूरा करने के लिए शब्द होगा– **मन, गंगा**	**UPSI Batch - III 13 Dec.2017**
'बहुत कंजूसी' का आशय व्यक्त करने के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है– **चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए**	
"बिल्ली के गले में घंटी बांधना।" के अर्थ का उचित होगा– **अपने को संकट में डालना।**	**UPSI Batch - I 20 Dec.2017**
'धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का' लोकोक्ति का अर्थ है– **कहीं ठौर-ठिकाना न होना**	**UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift**
"बूंद-बूंद से घट भरे .....।" लोकोक्ति के रिक्त स्थान भरने के लिए उचित शब्द होगा– **टपकत रीतो होय**	**UPSI Batch - II 19 Dec.2017**
'बोये पेड़ बबूल का आम कहाँ से होय' लोकोक्ति का सही अर्थ है– **जैसा कर्म करोगे वैसा फल मिलेगा**	**UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I UPSI 17.07.2017 Shift-II**
"बैल न कूदे, कूदे तंगी"- कहावत का अर्थ है– **स्वामी के बल पर सेवक का साहस**	**लोअर-1 परीक्षा, 2015**
'बाँझ क्या जाने प्रसव की पीड़ा' का अर्थ है– **जिस पर बीतती है, वही जानता है**	**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**
'चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात'- लोकोक्ति का अर्थ है– **थोड़े दिन का सुख**	**UPP, 2017**
चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते। लोकोक्ति का अर्थ होगा– **सीमित साधनों से बड़े काम नहीं होते**	**वन रक्षक परीक्षा, 2015**
'जिस पत्तल में खाना, उसी पत्तल में छेद करना' कहावत का अर्थ है– **कृतघ्न होना**	**Ashram Paddhati PGT. 2012**
जबरदस्ती का मेहमान अर्थ के लिए सही लोकोक्ति है– **मान न मान मैं तेरा मेहमान**	**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2017**
"नौ दिन चले अढ़ाई कोस" से तात्पर्य है– **अधिक परिश्रम का थोड़ा फल मिलना**	**UPSI Batch-III 20 Dec. 2017 UP TGT 2010**
"नया मुल्ला प्याज ज्यादा खाता है।"। लोकोक्ति का अर्थ होगा–**प्रारम्भ में अधिक शौक का होना**	**[UPPSC AE 2007]**
जहाँ न पहुँचे रवि, वहां पहुँचे कवि। लोकोक्ति का अर्थ होगा– **कवि बहुत कल्पनाशील होते हैं**	**UP PGT 2000**
'जमात में करामात' का अर्थ है। लोकोक्ति का अर्थ होगा– **भीड़ में रहने वाले लोग कुछ न कुछ गड़बड़ी करते हैं**	**[UPSI 22.07.2017 Sift I]**
'जिन खोजा तिन पाइयां' लोकोक्ति का अर्थ है– **जो श्रम करते हैं, उन्हें ही सफलता मिलती है।**	**[UPPSC AE 2007]**
'आग लगाकर पानी को दौड़ना' कहावत का अर्थ है– **पहले झगड़ा लगाना, फिर शान्त करने की कोशिश करना।**	**[UPPSC AE 2013]**
'पत्थर को जोंक नहीं लगती।' दिए गए कहावत के लिए समानार्थक वाक्यांश होगा– **हठी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता**	**कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**
'पढ़े फारसी बेचे तेल, यह देखो कुदरत का खेल।' दिए गए कहावत के लिए समानार्थक वाक्यांश होगा– **योग्यता होते हुए भी विवशता के कारण निम्न स्तर का कार्य करना**	**UP PGT 2000 NVS TGT 18.09.2019 UP TGT 2000**
"पैसे से ही आदमी की इज्जत है" के लिए उचित लोकोक्ति होगी– **जर है तो नर नहीं तो खण्डहर**	**UPSI Batch - I 16 Dec.2017**
'प्रभुता पाइ काहु मद नहीं'। दी गई लोकोक्तियों का सही अर्थ होगा– **शक्ति पाने पर व्यक्ति अभिमानी हो जाता है।**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**
'घाट घाट का पानी पीना' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है– **अनेक क्षेत्रों का अनुभव**	**[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]**
"गुण के विपरीत नाम" इसके अर्थ उपयुक्त लोकोक्ति होगी– **आँख का अंधा नाम नयनसुख**	**UPSI Batch - II 19 Dec.2017**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

'गुड़ ना दे, गुड़ की .....' इस लोकोक्ति को उचित अर्थ होगा– **सी बात तो करे**	**UPSI Batch - II 14 Dec.2017**
''छोटा ..... बड़ी बात'' लोकोक्ति की पूर्ति के लिए सही शब्द होगा– **मुँह**	**UPSI Batch - I 13 Dec.2017**
'साँच को आँच नहीं' लोकोक्ति का अर्थ होगा– **सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं।**	**VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)**
''एक अनार सौ बीमार'' लोकोक्ति का अर्थ है– **एक वस्तु के ग्राहक अनेक।**	**KVS TGT 2016 VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**
'मान न मान मै तेरा मेहमान' – कहावत का अर्थ होगा– **जबरदस्ती गले पड़ना**	**VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I) UP PGT 2016**
'ठीक-ठीक न्याय हो जाना- के लिए उचित लोकोक्ति होगी– **दूध का दूध पानी का पानी**	**[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]**
'थोथा ..... बाजे .....' – दी गई लोकोक्ति के रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए शब्द होगा– **चना, घना**	**UPSI 27/11/2021 (Shift-III) UPSI Batch-II 14 Dec. 2017 UPSI Batch-III 12 Dec. 2017**
कुजगह फोड़ा और ससुर वैद्य-कहावत का अर्थ है– **धर्म संकट की स्थिति**	**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**
'काटो तो खून नहीं का अर्थ होगा– **भय के कारण स्तब्ध हो जाना**	**कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**
'काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती' का अर्थ है– **छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता**	**राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015 Jharkhand TGT 2017 UP SI 2017 CTET (VI-VIII) 18.11/2018**
'कब बबा मरही त कब बरा चुरही' का अर्थ है– **कार्य का अनिश्चित होना**	**नायब तहसीलदार, 1992**
'कड़ाही से गिरा चूल्हे में आ पड़ा' का भाव है– **एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में आ पड़ना**	**UP TGT 2013**
'काला अक्षर भैंस बराबर' लोकोक्ति का सही अर्थ है– **पढ़ा लिखा न होना**	**SSC GD 09/02/2023 (Shift-III) UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift UPSI 24.07.2017 Shift-I UPSI Batch-II 22 Dec. 2017**
'कहाँ राजा भोज, कहाँ गंगू तेली' लोकोक्ति का अर्थ होगा– **विशिष्ट और सामान्य व्यक्ति की तुलना**	**UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift UP TGT 2005**
'का बरखा जब कृषि सुखाने' तब कहा जाता है, जब कोई– **समय पर काम नहीं हो**	**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016**
'एक पंथ दो काज' लोकोक्ति का अर्थ है– **एक ही काम से दो लाभ होना**	**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018 UPP 2017 UPSI Batch - I 14 Dec.2017 UKPSC AE 2012**
''एक करेला _____।'' लोकोक्ति पूर्ण अर्थ होगा– **दूजा नीम चढ़ा**	**KVS TGT, 2018 UPSI Batch - III 21 Dec.2017 UPPSC AE 2008 UPSI 15/11/2021 (Shift-III)**
एक अनार सौ बीमार का अर्थ है– **किसी वस्तु की पूर्ति कम माँग अधिक**	**[UPSI 19.07.2017 Shift II] UP PSC AE 2007 KVS PGT Hindi 2016 UPPSC AE 2008**
'एक आँख न भाना।' लोकोक्ति का अर्थ होगा– **बिल्कुल अच्छा न लगना**	**कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016 SSS GD 12/02/2019, Shift-II**
'ईश्वर की माया ..... ।' लोकोक्ति को पूर्ण करने हेतु उचित शब्द होगा–**कहीं धूप कहीं छाया**	**UPSI Batch - II 13 Dec.2017**
'उपाय वही सही होता है जिसका लोहा विरोधी भी मानें' – इसके लिए सही लोकोक्ति है – **जादू वही जो सिर चढ़कर बोले**	**UP TGT 2010**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

'ऊँची दुकान फीका पकवान है।' इसका अर्थ है– **दिखावा ही दिखावा/आडम्बर ही आडम्बर।**	**[UKPSC AE 2017] UPPCL TG2 2015**
आग लगने पर कुआँ खोदना - लोकोक्ति का सही अर्थ होगा– **संकट के समय बचाव के लिए सोचना**	**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift UP SI Dec. 2017**
'आँख न दीदा काढ़े कसीदा' लोकोक्ति का अर्थ है– **योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी मारना**	**असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**
'आए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास' लोकोक्ति का सही अर्थ है– **वांछित कार्य को छोड़कर अन्य कार्य में लग जाना**	**आडिटर परीक्षा, 1996 UPSI Batch-II 20 Dec. 2017 [CTET (VI-VIII) 18.11.2018]**
'नेकी कर दरिया में डाल' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है– **उपकार करके उपकार की बात को भूल जाना**	**[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift I]**
'रस्सी जल गई पर ऐंठन नहीं गई' मुहावरे/लोकोक्ति का सटीक अभिप्राय है– **बरबाद हो जाने पर भी अहंकार बना रहना**	**KVS PRT 26-02-2023 (Shift-II)**
'बिल्ली को पहले ही दिन मारना चाहिए' का अर्थ है–**भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए।**	**UPSSSC PET 15/10/2022 (Shift-II)**
'आ बैल मुझे मार' इस कहावत का सही अर्थ होगा– **जानबूझ कर मुसीबत में पड़ना।**	**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022**
'अपनी करनी पार उतरनी' लोकोक्ति का अर्थ है– **अपने कर्म का फल स्वयं भोगना पड़ता है।**	**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022 UPSI Batch-III 16 Dec. 2017 UPCSA-2017**
'अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप' लोकोक्ति का अर्थ है– **किसी भी बात या वस्तु का अधिक होना ठीक नहीं।**	**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022**
'सावन हरे ना भादों सूखे' कहावत का अर्थ है– **सदा एकसमान रहना**	**UPSSSC सम्मि. प्र./अ. सहा. पूर्ति निरी. मुख्य परीक्षा (17.07.2022) UPSSSC वनरक्षक 02.02.2018 Shift-II Ashram Paddhati PGT 2012**
'लेना एक न देना दो' लोकोक्ति का अर्थ है– **किसी से कुछ मतलब न रखना**	**UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)**
'आप काज महा काज' का अर्थ है– **काम को अपने आप करना सबसे अच्छा होता है।**	**UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)**
कोयले की दलाली में मुँह काला का अर्थ है– **बुरे काम से बुराई मिलना**	**UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)**
'खाली बनिया क्या करै, इस कोठी के धान उस कोठी में धरै।' लोकोक्ति का अर्थ होगा– **बेकार आदमी व्यर्थ के काम करता है।**	**UPSSSC JE (परीक्षा तिथि 16.04.2022)**
'लाठी टूटे न सांप मरे'-इस लोकोक्ति का अर्थ है– **किसी की हानि के बिना स्वार्थ सिद्धि**	**UPSI 29/11/2021 (Shift-II)**
'जिन ढूँढ़ा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठ' लोकोक्ति का अर्थ है–**परिश्रम का फल अवश्य मिलता है**	**UPSI 13/11/2021 (Shift-III)**
'आप मियाँजी माँगते द्वार खड़े दरवेश' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **किसी निर्धन के घर भिखारियों की भीड़ होना।**	**UPSI 12/11/2021 (Shift-II)**
'इन तिलों में तेल नहीं' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **किसी प्रकार के लाभ की संभावना का न होना**	**UPSI 16/11/2021 (Shift-III) UPSI Batch-II 22 Dec. 2017**
'कहने से कुम्हार गधे पर नहीं चढ़ता' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **हठी मनुष्य किसी का कहना नहीं मानता**	**UPSI 17/11/2021 (Shift-I)**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

'खग जाने खग की भाषा'। इस लोकोक्ति का अर्थ है– **सब अपने-अपने संपर्क के लोगों का हाल समझते हैं।**	**लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022 UPSI 14/11/2021 (Shift-III) DSSSB TGT Hindi 15/09/2018 Shift-II ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015**
'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **कार्य करने के लिए कोई असाधारण शर्त रख देना।**	**UPSI 17/11/2021 (Shift-II) UP TGT 2004**
'ऊधौ का लेन न माधौ का देन'-इस लोकोक्ति का अर्थ है– **किसी से कोई वास्ता न रखना**	**UPSI 16/11/2021 (Shift-II)**
'जब तक साँस तब तक आस' – इस लोकोक्ति का अर्थ है– **आशा जीवन पर्यंत बनी रहती है**	**DSSSB PRT 30.03.2022 (Shift-I) UPSI 20/11/2021 (Shift-III)**
'आसमान से गिरा तो खजूर में अटका'–इस लोकोक्ति का अर्थ होता है– **एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में फंसना**	**UPSI 20/11/2021 (Shift-I) UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 (Shift-I)**
'घोड़ों का घर कितनी दूर' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **कर्मठ व्यक्ति के लिए सफलता सरल होती है।**	**UPSI 21/11/2021 (Shift-III)**
'गंगा गए गंगादास जमुना गए जमुनादास'-इस लोकोक्ति का अर्थ है– **जो व्यक्ति सामने आए उसकी प्रशंसा करना**	**UPSI 20/11/2021 (Shift-II) GIC PGT-2015 UPPSC AE 2008 U.K. PSC Licture**
'जितने मुँह उतनी बातें'– इस लोकोक्ति का अर्थ है– **एक ही बात पर भिन्न-भिन्न कथन**	**UPSI 21/11/2021 (Shift-I)**
'एक मुँह दो बात'- इस लोकोक्ति का अर्थ है– **अपनी बात से पलट जाना**	**UPSI 22/11/2021 (Shift-I)**
'ऊंट के गले में बिल्ली'- इस लोकोक्ति का अर्थ है– **बेमेल संबंध**	**UPSI 22/11/2021 (Shift-III)**
'तीन में न तेरह में'- इस लोकोक्ति का अर्थ है– **नगण्य**	**UPSI 23/11/2021 (Shift-III)**
'आई तो रोजी नहीं तो रोजा'– इस लोकोक्ति का अर्थ है– **कमाया तो खाया, नहीं तो भूखे**	**UPSI 24/11/2021 (Shift-III)**
'थका ऊँट सराय ताकता है' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **दिनभर की मेहनत के बाद घर की याद आती है।**	**UPSI 29/11/2021 (Shift-III)**
'छटांक चून चौबारे रसोई' -इस लोकोक्ति का अर्थ है– **झूठा दिखावा और शान**	**UPSI 29/11/2021 (Shift-I)**
'नया नौ दिन पुराना सौ दिन' –इस लोकोक्ति का अर्थ है– **पुरानी चीजें ज्यादा दिन चलती हैं**	**UPSI 01/12/2021 (Shift-II)**
'नेकी का फल बदी' -इस लोकोक्ति का अर्थ है– **भलाई का बदला बुराई**	**UPSI 01/12/2021 (Shift-III)**
'तू डाल-डाल, मैं पात-पात'-इस लोकोक्ति का अर्थ है– **एक से बढ़कर दूसरा चालाक**	**UPSI 20/11/2021 (Shift-II)**
'चिराग तले अंधेरा' इस लोकोक्ति का अर्थ है– **अपनी बुराई न देखना**	**UPSI 16/11/2021 (Shift-I) UPPCL JE Electrical, 2016 UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 (Shift-I)**
'औंधी खोपड़ी, उलटा .....।' लोकोक्ति को पूर्ति करने के लिए शब्द होगा– **मत**	**UPSI Batch - II 21 Dec.2017**
'अंधे के हाथ बटेर लगना' कहावत का आशय है– **किसी अयोग्य व्यक्ति को महत्वपूर्ण वस्तु प्राप्त हो जाना।**	**SSS GD 11/02/2019, Shift-I SSC GD 11/03/2019, Shift-I UPSI Batch - I 22 Dec.2017 वन रक्षक परीक्षा, 2015**
अत्याचार का फल अच्छा नहीं, यह वाक्य लोकोक्ति का अर्थ प्रकट करता है– **तलवार का खेत हरा नहीं होता**	**UPSI Batch - I 21 Dec.2017**
'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' का अर्थ है– **अकेला व्यक्ति शक्तिशाली नहीं होता**	**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**
'अंधों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ है– **गुणहीनों के बीच एक गुणवान व्यक्ति**	**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Search @yct_hub to Join Channel
Click Here to Get More Exclusive Ebooks

अपने मरे बिना स्वर्ग नहीं दिखता-का अर्थ होगा – **स्वयं प्रयत्न करने पर ही काम बनता है**	**UPSI Batch - II 15 Dec.2017 UP TGT 2003**
'अधजल गगरी छलकत जाय' लोकोक्ति का अर्थ है- **अधूरा ज्ञान घमण्ड पैदा करता है।**	**UPSI Batch-III 20 Dec. 2017 UP TGT 2004**
'अंदर-अंदर कड़ाही में गुड़ पगना' का अर्थ है– **गुप्त मंत्रणा होना**	**UPPSE AE 13.12.2020 [CTET (VI-VIII) 18.11.2018]**
'अमा निशा' लोकोक्ति का अर्थ होता है– **गहन अंधकार**	**[UPPSC AE 2007]**
'अंधा बांटै रेवड़ा'। लोकोक्ति का अर्थ होगा– **अपनों को लाभ पहुँचाना**	**[UPPSC AE 2007]**
'आँख का अंधा गाँठ का पूरा।' लोकोक्ति का अर्थ होगा– **मूर्ख धनी**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II] UPSSSC Tube well operator-12-01-2019 UPPGT 2010 CTET (VI-VIII) 2017**
'आँधी आवे बैठ गंवावे' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है– **विपरीत परिस्थिति में उपयुक्त समय आने का इंतजार करना**	**[UPSSSC Junior Assistant 4.01.2020 Sift II]**
'घर में नहीं दाने बुढ़िया चली भुनाने।' दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ है– **झूठा दिखावा करना**	**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)**
'गुड़ खाए और गुलगुलों से परहेज'। लोकोक्ति का अर्थ होगा– **झूठा ढ़ोंग रचना**	**High Court Review Officer - 2021 DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III) [UPPSC AE 2013]**
'आधा तीतर आधा बटेर।' लोकोक्ति का अर्थ होगा– **अनमेल मिश्रण**	**DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I) UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020 UPSI Batch-I 16 Dec. 2017 UPSI Batch-III Dec. 2017**
'भई गति साँप छछूंदर जैसी।' दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ है– **दुविधा में पड़ना**	**DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)**
'गुरू कीजै जान, पानी पीवै छान।' दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ है– **अच्छी तरह समझ-बूझकर काम करना**	**DSSSB PRT 26.03.2023(Shift-II) DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)**
'चलती का नाम गाड़ी।' दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ है– **काम का चलते रहना**	**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)**
'तीर नहीं तो तुक्का ही सही।' दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ है– **पूरा नहीं तो जो कुछ मिल जाए उसमें ही संतोष करना**	**DSSSB PRT 29.03.2022(Shift- II)**
'घर बैठे गंगा आना।' दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ है– **बिना प्रयत्न के लाभ मिलना**	**DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)**
'आठ कनौजिए नौ चूल्हे।' दिए गए लोकोक्ति का सही अर्थ है– **फूट होना**	**DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-II) असिस्टेंट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

27 पत्र लेखन

पत्र लेखन- लिखित रूप से विचारों का आदान-प्रदान करने का एक सरल एवं सहज माध्यम है।







सरकारी पत्र : OFFICIAL LETTER

सरकारी कार्य के लिए एक पदाधिकारी द्वारा दूसरे या सामूहिक रूप से लिखा गया पत्र शासकीय/सरकारी पत्र/राजकीय पत्र/शासनादेश कहलाता है।

सरकारी पत्र की विशेषताएँ	सरकारी पत्रों के अंग/संरचना
• पूर्णतः औपचारिक होते हैं।	1. पत्रांक, अनुभाग, वर्ष
• व्यक्तिगत वार्ता का उल्लेख नहीं	2. विभाग/कार्यालय
• निर्धारित प्रारूप पर राजभाषा/वैकल्पिक राजभाषा में	3. स्थान/तिथि
• सूचना/आदेश पैराग्राफ में क्रमांक अंकित करते हुए लिखा जाता है	4. प्रेषक
• पत्र का रूप संक्षिप्त, विधि व तर्कसंगत पूर्ण हो	5. प्रेषित 6. विषय 7. संबोधन 8. मुख्यभाग 9. समापन/निर्देश/ अनुरोध 10. पृष्ठांकन

प्रारूप

प्रेषक, पत्रांक

नाम,

पदनाम,

उ.प्र.।

सेवा में,

नाम,

उ. प्र.।

अनुभाग स्थान, दिनांक

विषय- .....

महोदय,

.....

.....

भवदीय

संलग्नक हस्ताक्षर

पत्रांक-अनुभाग नाम

1. .... पद

2. ..... आज्ञा से

3. ..... हस्ताक्षर

नाम, पदनाम

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Search @yct_hub to Join Channel
Click Here to Get More Exclusive Ebooks

अर्द्धशासकीय पत्र : DEMI OFFICIAL LETTER

यह पत्र दो सरकारी अधिकारियों के बीच सूचना के आदान-प्रदान करने के उद्देश्य से लिखा जाता है। यह अनौपचारिक भाषा में लिखा जाने वाला सरकारी पत्र है।

विशेषताएँ-

- पत्र का स्वरूप अनौपचारिक/व्यक्तिगत होता है।
- सम्बोधन में प्रिय शब्द का प्रयोग करते हैं।
- सेवा में शब्द का प्रयोग नहीं करते।
- इस पत्र का प्रत्युत्तर भी इसी पत्र से प्रेषित होता।
- आदेशात्मक वाक्यों का प्रयोग नहीं होता।

प्रारूप

पत्रांक सं.

नाम xyz (जिसने लिखा) कार्यालय

पदनाम स्थान

दिनांक

प्रिय, श्री ABC जी।

.....

.....

.....

श्री ABC भवनिष्ठ

पदनाम xyz (नाम)

स्थान पदनाम

परिपत्र : CIRCULAR

इस पत्र के द्वारा किसी कार्यालय द्वारा किसी सूचना/आदेश को अपने सभी अधीनस्थ कार्यालयों को एक साथ सूचना दी जाती है। इस पत्र को गश्ती चिट्ठी भी कहते हैं।

विशेषताएँ :-

- इसकी भाषा पूर्णतः औपचारिक होती है।
- भाषा राजभाषा/वैकल्पिक राजभाषा होती है।
- परिपत्र जारी करते समय इसके साथ सादा पेज नत्थी किया जाता है। फिर यह सूचना के अवगत होने के हस्ताक्षर के साथ नहीं लौटाया है, जहाँ से निर्गत होता है।
- इसकी दिशा ऊपर से नीचे की ओर होती है।

प्रारूप

परिपत्र सं.

प्रेषक,

नाम

पदनाम

उ.प्र. शासन

सेवा में,

समस्त पदनाम

उ.प्र. शासन

अनुभाग स्थान, दिनांक

विषय- .....

महोदय,

.....

.....

.....

भवदीय

हस्ताक्षर

नाम

पदनाम

कार्यालयी आदेश : OFFICE ORDER

यह पत्र आदेशात्मक होता है। भाषा राजभाषा/वैकल्पिक राजभाषा होती है। यह कार्यालय के आन्तरिक प्रशासन से सम्बन्धित होता है। इस पत्र का प्रभाव कार्यालय विशेष तक सीमित रहता है। इस पत्र की भाषा औपचारिक होती है। इसके अन्तर्गत नियुक्ति, छुट्टियों की स्वीकृति तथा पदवृद्धि आदि की सूचनाएँ दी जाती हैं। कार्यालय द्वारा बनाये गये सामान्य नियमों की सूचना भी इसके द्वारा दी जाती है। यह सदैव वरिष्ठ से कनिष्ठ को प्रेषित होता है।

प्रारूप

कार्यालय पत्रांक सं.

स्थान

दिनांक

कार्यालय आदेश

.....

.....

.....

आज्ञा से

हस्ताक्षर

नाम

पदनाम

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

अधिसूचना : NOTIFICATION

यह सरकार की तरफ से राष्ट्रपति/राज्यपाल के नाम से निर्गमित पत्र होता है। इसका प्रकाशन अनिवार्य रूप से राजपत्र (गजट) में किया जाता है।

प्रारूप

भारत सरकार/उ.प्र. सरकार

अनुभाग

स्थान-

दिनांक-

अधिसूचना

.....
.....
.....

हस्ताक्षर

नाम

पदनाम

शासकीय पत्र	अर्द्धशासकीय पत्र	परिपत्र
• प्रेषित के पदनाम का उल्लेख • सम्बोधन में महोदय • पूर्णतः औपचारिक	• प्रेषित के नाम का उल्लेख • व्यक्तिगत सम्बोधन सूचक शब्द • अनौपचारिक	• परिपत्र के साथ सादा पेज नत्थी होता है। • सामूहिक रूप से जारी किया जाता है। • परिपत्र में एकतरफा बात होती है, प्रत्युत्तर नहीं भेजा जाता।

अनौपचारिक पत्र लेखन का प्रारूप :-

पता .....

दिनांक .....

सम्बोधन .....

अभिवादन .....

विषय वस्तु .....

.....

.....

आपका सम्बन्ध

नाम

अनुस्मारक : REMINDER

1. इसे स्मरण पत्र भी कहा जाता है।
2. यह किसी प्राधिकारी को किसी मामले में कार्यवाही विषयक सूचना का स्मरण दिलाने हेतु लिखा जाता है।
3. इस पत्र की अपनी कोई विशेषता नहीं है, यह उसी रूप में भेजा जाता है, जिस रूप में पहले भेजा गया होता है।
4. इसकी रचना अत्यन्त संक्षिप्त होती है।

प्रेस विज्ञप्ति/प्रेस नोट : PRESS COMMUNIQUE/PRESS NOTE

1. इसका उद्देश्य सरकार के किसी निर्णय का प्रचार विस्तृत रूप से करना है।
2. प्रेस-विज्ञप्ति अधिक औपचारिक है तथा इसका प्रकाशन समाचार पत्रों में बिना किसी संशोधन के होता है।
3. प्रेस नोट को समाचार पत्रों के सम्पादक अपनी मर्जी से संक्षिप्त अथवा परिवर्द्धित कर सकते हैं।
4. दोनों पत्रों (प्रेस-विज्ञप्ति/प्रेस नोट) का उद्देश्य जनता को सरकारी निर्णय से अवगत कराना है।
5. निश्चित तिथि के पहले प्रेस-विज्ञप्ति का प्रकाशन निषिद्ध है, बाद में किया जा सकता है।

तार लेखन : TELEGRAM

1. कम-से-कम शब्दों में संदेश भेजने की पद्धति को तार (Telegram) कहते हैं।
2. इसे अनिवार्य या आवश्यक स्थिति में भेजा जाना चाहिए।
3. यह संक्षिप्त, द्रुतगामी संदेश देने वाला पत्र व्यवहार है।
4. इसकी प्रतिलिपि सुरक्षित कर ली जाती है।

प्रतिवेदन : REPORT

1. 'प्रतिवेदन' शब्द अंग्रेजी के 'रिपोर्ट' शब्द का हिन्दी रूपान्तरण है। उत्तर प्रदेश सरकार में इसके लिए 'आख्या' शब्द का प्रयोग होता है।
2. यह एक प्रकार का लिखित विवरण है, जिसमें किसी कार्य या जाँच के विभिन्न तथ्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाता है। इसमें किसी जाँच या अन्वेषण के परिणामों का भी औपचारिक लेखा-जोखा होता है।
3. इस विवरण का प्रयोजन उन लोगों को किसी कार्य या विषय के बारे में यथावश्यक सूचना देना है, जो उससे संबंधित तो है तथा उन्हें उसके सभी तथ्यों की जानकारी नहीं है।
4. ये प्रतिवेदन किसी घटना, समारोह, उत्सव, संगोष्ठी, उद्घाटन सभी जुलूस, बैठक आदि के बारे में भी लिखे जाते हैं।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

कार्यालयीय आलेखन : OFFICIAL DRAFTING

1. आलेखन पत्राचार का एक अंग है। इसे प्रालेखन या प्रारूपण भी कहा जाता है।
2. समाज के विकास के साथ प्रालेखन के विभिन्न रूप विकसित होते रहे हैं। विशेषकर सरकारी सेवाओं में और कार्यालयों में काम करने वालों के लिए आलेखन में निपुण होना आवश्यक है।
3. आलेखन के ज्ञान के अभाव में कार्यालय की कार्यक्षमता गिरने के साथ-साथ कार्य सम्पादन में भी अनावश्यक विलम्ब होता है।
4. आलेखन दो प्रकार के होते हैं- प्रारम्भिक आलेखन एवं उच्चतर आलेखन। प्रारम्भिक आलेखन में वैयक्तिक और सामाजिक पत्राचार आते हैं तथा उच्चतर आलेखन में सरकारी कार्यालयों में प्रयुक्त होने वाले भिन्न प्रकार के पत्राचारों का समावेश होता है।

टिप्पण लेखन : NOTING

1. 'टिप्पण' के लिए अंग्रेजी भाषा में 'Noting' शब्द का प्रयोग होता है। 'टिप्पण' का अर्थ है- टिप्पणी लिखने का कार्य।
2. किसी भी विचाराधीन पत्र या आवेदन पर उसके निष्पादन को सरल बनाने के लिए जो टिप्पणियाँ सरकारी कार्यालयों में लिपिकों, सहायकों तथा कार्यालय अधीक्षकों द्वारा लिखी जाती है, उसे टिप्पण लेखन कहते हैं।
3. टिप्पण लेखन के लिए तीन बातें आवश्यक हैं-

(i) उस पत्र से पूर्व के पत्र आदि का सारांश
(ii) जिस प्रश्न पर निर्णय किया जाता है, उसका विवरण या विश्लेषण।
(iii) उस संबंध में कार्रवाई, आदेश तथा सुझावों का उल्लेख।

4. कोई भी टिप्पण मूल पत्र (original letter) पर नहीं लिखा जाना चाहिए।

ज्ञापन : MEMORENDUM

1. सरकारी पत्र व्यवहार का यह रूप भारत सरकार के अन्तर्गत विभिन्न मंत्रालयों के बीच प्रचलित है।
2. ज्ञापन का प्रयोग निम्न स्थितियों में होता है-

(i) प्रार्थना-पत्रों, नियुक्ति के लिए दिए गए आवेदनों के उत्तर में,
(ii) पत्रों की प्राप्ति में,
(iii) अधीनस्थ अधिकारियों को सूचना देने के लिए, जो सरकारी आदेश नहीं होता।

EXAM POINT

किसी छात्र द्वारा अपने विद्यालय में मनाए गए वार्षिक उत्सव की उत्साहपूर्ण जानकारी अपने प्रिय मित्र को देनी है। यह पत्र कहलाएगा– **वैयक्तिक पत्र**	**UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)**
यदि पूर्व पत्र के संदर्भ को दुबारा उद्धत करते हुए पुनः उसी सूचना को दोहराया जाता है तो यह है– **अनुस्मारक**	**UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)**
अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखे गए पत्र को कहेंगे– **औपचारिक पत्र**	**VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I) VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)**
एक औपचारिक पत्र में समाप्ति के पूर्व हस्ताक्षर और नाम के ऊपर लिखा जाता है– **भवदीय**	**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**
बहन के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को लिखा गया पत्र कहलाता है– **अनौपचारिक पत्र**	**[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]**
निमंत्रण पत्र है– **सामाजिक पत्र**	**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]**
कार्यालयी आदेश सदैव प्रेषित होता है– **वरिष्ठ से कनिष्ठ**	**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]**
किसी राजपत्रित अधिकारी की नियुक्ति, पदोन्नति, अवकाश-स्वीकृति और उनके स्थानांतरण की सूचना को राजपत्र में प्रकाशित करने के लिए पत्र का प्रयोग किया जाता है– **अधिसूचना**	**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]**
अपने कार्यालय से अनुभव प्रमाण-पत्र लेने के लिए आवेदन-पत्र लिखा जाता है– **व्यवस्थापक महोदय**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**
दैनिक हिन्दुस्तान में संवाददाता पद के लिए आवेदन-पत्र लिखेंगे– **संपादक महोदय**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**
बस स्टैण्ड के पास आवारा लड़कों के व्यवहार को बताते हुए तथा उनके खिलाफ छेड़खानी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के लिए आवेदन-पत्र लिखेंगे– **थानाध्यक्ष महोदय**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**
व्यवसाय संबंधी पत्र में संबोधन होगा– **महोदय**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**
शासकीय पत्र में पत्र संख्या के नीचे बायीं ओर लिखा जाता है– **प्रेषक पदाधिकारी का नाम, पदनाम**	**[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]**
नियुक्ति, छुट्टियों की स्वीकृति तथा पदवृद्धि आदि की सूचनाएँ ..... के अन्तर्गत दी जाती हैं– **कार्यालय आदेश**	**[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

सरकारी स्तर पर अधिकतर भारतीय गजटों में प्रकाशित सरकारी नियम, आदेश, अधिकार और नियुक्तियों की सूचना के प्रसंग में होता है– **अधिसूचना**	**[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]**
कक्षा दस के छात्र ने अपना अनुपस्थिति दंड माफ करने के लिए प्रधानाध्यापक को पत्र लिखा। उसका यह पत्र ..... वर्ग में आएगा– **आवेदन पत्र**	**[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]**
पत्र के संबंध 'अभिवादन' कहते हैं– **शुभाशीष**	**[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]**
वैयक्तिक-पत्र ..... के मध्य लिखा जाता है– **सगे सम्बन्धियों–मित्रों के मध्य**	**[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]**
पत्रों में अभिनिवेदन के रूप में शब्द का प्रयोग होता है– **भवदीय**	**[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]**
माता-पिता द्वारा पुत्र को लिखे गये पत्र में माता-पिता द्वारा ..... अभिवादन किया जाना चाहिए– **शुभाशीर्वाद**	**[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]**
आयकर से माफी एवं पूर्ण मुक्ति के लिए ..... प्रार्थना-पत्र लिखेंगे– **आयकर अधिकारी**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**
मुख्य बिजली के बल्बों के ऑर्डर के निरस्तीकरण की सूचना देते हुए ..... पत्र लिखेंगे– **संभरक**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**
कार्यालय आदेश किसके लिए निकाले गए आदेशों की सूचना है– **मंत्रालय, संबद्ध विभाग-प्रभाग, अनुभव**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**
छोटे संबंधियों को पत्र में संबोधन के लिए शब्द प्रयोग होगा– **चिरंजीव**	**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**
गंदगी की समस्या से पीड़ित मुहल्लेवासियों की ओर से नगरपालिकाध्यक्ष को लिखा गया पत्र ..... श्रेणी के अंतर्गत आएगा– **शिकायती पत्र**	**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**
वैयक्तिक पत्र की श्रेणी में आता है– **मित्र को पत्र**	**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**
जब कोई सरकारी पत्र ज्ञापन या कार्यालय ज्ञापन एक साथ अनेक प्रेषतियों को भेजा जाए उसे कहते हैं– **परिपत्र**	**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**
जब एक अधिकारी दूसरे अधिकारी को व्यक्तिगत नाम से पत्र लिखता है उसे कहते हैं– **अर्द्ध शासकीय पत्र**	**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**
एक विद्यार्थी को अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को अभिनिवेदन में लिखना चाहिए– **आपका आज्ञाकारी शिष्य**	**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**
मच्छरों के प्रकोप के सम्बन्ध में शिकायत पत्र लिखना हो तो लिखेंगे– **माननीय स्वास्थ्य अधिकारी**	**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**
बाढ़ पीड़ितों की सहायता के संबंध में पत्र लिखा जाता है– **जिलाधिकारी**	**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**
किसी अधिकारी को पत्र लिखना हो तो संबोधन किया जाता है– **माननीय महोदय**	**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**
वह क्षेत्र जहाँ अधिसूचना का प्रयोग नहीं किया जाता– **कर्त्तव्य क्षेत्र**	**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**
यदि आपको अपने मित्र को पत्र लिखना पड़े तो संबोधन में लिखेंगे– **प्रिय मित्र!**	**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**
सभी राज्य सरकारों को भेजा जाने वाला सरकारी पत्र कहलाता है– **परिपत्र**	**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**
मुख्य टिप्पण होता है– **किसी सहायक या लिपिक द्वारा सर्वप्रथम लिखा जाने वाला लेख**	**UPPCL JE Electrical, 2013**
संक्षेपण मूल पाठ से कितने शब्दों में लिखना चाहिए– **एक-तिहाई शब्दों में, 1/3**	**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**
कार्यालय आदेश में अधिकारी का हस्ताक्षर का स्थान होगा– **नीचे दाहिनी ओर**	**[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]**
अधिकतर भारतीय गजटों में प्रकाशित सरकारी नियम, आदेश आदि की सूचना के प्रसंग में प्रयोग होता है– **अधिसूचना**	**[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]**
'अधिसूचना' प्रकाशित होती है– **सरकारी गजट**	**[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]**

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

28. संक्षिप्त हिन्दी भाषा एवं साहित्य

हिन्दी साहित्य का इतिहास

साहित्य इतिहास लेखन परम्परा–



- तासी का 'इस्त्वार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई एन्दुस्तानी' फ्रेंच भाषा में लिखा गया। यह हिन्दी का प्रथम इतिहास ग्रंथ माना जाता है। यह वर्णानुक्रम पद्धति पर लिखा गया इतिहास ग्रंथ है।
- ग्रियर्सन द्वारा लिखा गया 'द माडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान' को हिन्दी साहित्य का प्रथम व्यवस्थित इतिहास ग्रंथ माना जाता है। यह कालक्रमानुसार लिखा गया है।
- ग्रियर्सन ने हिन्दी साहित्य के 16वीं-17वीं शताब्दी के युग अर्थात् भक्तिकाल को हिन्दी काव्य का स्वर्ण युग माना है।

हिन्दी साहित्य के अन्य इतिहास ग्रंथ हैं-

- **हजारी प्रसाद द्विवेदी:** हिंदी साहित्य की भूमिका (1940ई.), हिंदी साहित्य: उद्भव और विकास (1952ई.), हिंदी साहित्य का आदिकाल (1952ई.)
- **रामकुमार वर्मा-** हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास (1938ई.)
- **राहुल सांकृत्यायन-**हिंदी काव्यधारा (1944ई.)
- **गणपति चन्द्र गुप्त-** हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास (1965ई.)
- **रामस्वरूप चतुर्वेदी-** हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास (1986ई.)
- **डॉ. नगेन्द्र-**सं. हिन्दी साहित्य का इतिहास (1973ई.)
- **श्यामसुन्दर दास-** हिन्दी कोविद रत्नमाला (1909ई.), हिन्दी भाषा का विकास (1924ई.), हिन्दी भाषा और साहित्य (1930ई.)
- **रामनरेश त्रिपाठी-**कविता कौमुदी (1917ई.)
- **लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय-**आधुनिक हिन्दी साहित्य (1941ई.)
- **नीलाभ-**हिन्दी साहित्य का मौखिक इतिहास।
- **डॉ. बच्चन सिंह-**हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास (1996)
- **सुमन राजे-**हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास (2003 ई.)
- **एडविन ग्रीव्स-**ए स्केच ऑफ हिन्दी लिट्रेचर (1917 ई.)
- **एफ.ई.के.-**एक हिस्ट्री ऑफ हिन्दी लिट्रेचर (1920 ई.)

हिन्दी साहित्य: काल-विभाजन और नामकरण

काल विभाजन



आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का काल विभाजन



विभिन्न विद्वानों द्वारा आदिकाल का नामकरण



आदिकाल

आदिकालीन प्रमुख रचनाएँ एवं उनके रचनाकार

रचनाएँ	रचनाकार
पउमचरिउ, रिट्ठणेमिचरिउ	स्वयंभू
संदेश रासक	अब्दुर्रहमान
पाहुड़ दोहा	मुनिराम सिंह

प्रमुख जैन साहित्य

रचनाएँ	रचनाकार
श्रावकाचार, लघुनयचक्र, दर्शनसार	देवसेन
भारतेश्वर बाहुबली रास	शालिभद्र सूरि
चन्दनबाला रास	आसगु
स्थूलिभद्र रास	जिनधर्म सूरि
रेवन्तगिरि रास	विजयसेन सूरि

प्रमुख रासो ग्रंथ

रचनाएँ	रचनाकार
खुमाणरासो	दलपति विजय
बीसलदेव रासो	नरपति नाल्ह

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

हम्मीर रासो (आल्ह खण्ड)	शार्ङ्गधर
परमाल रासो	जगनिक
पृथ्वीराज रासो	चन्दवरदाई
जयचन्द प्रकाश	भट्टकेदार
जयमयंक-जस–चन्द्रिका	मधुकर कवि

आदिकालीन अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथ-

रचनाएँ	रचनाकार
खालिक बारी,पहेलियाँ, मुकरियाँ,दो सुखने	अमीर खुसरो (खड़ी बोली हिन्दी के प्रथम कवि)
ढोला मारु रा दूहा	कवि कल्लोल
कीर्तिलता,कीर्तिपताका,पदावली	विद्यापति
वर्णरत्नाकर	ज्योतिरीश्वर ठाकुर
महापुराण	पुष्पदंत

भक्तिकाल

भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णकाल कहा जाता है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने भक्तिकाल को चार शाखाओं में विभाजित किया है–



- **ज्ञानाश्रयी शाखा-**
  इन्होने निर्गुण ब्रह्म की उपासना की तथा ज्ञान को अधिक महत्व दिया। ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रतिनिधि कवि 'कबीर' हैं।
- **प्रेमाश्रयी शाखा-**
  इस शाखा के कवियों को प्रेममार्गी अथवा सूफी कवि भी कहा जाता है। इन्होंने प्रेमगाथाओं के रूप में उस प्रेमतत्व का वर्णन किया है जो ईश्वर को मिलाने वाला है तथा जिसका आभास लौकिक प्रेम के रूप में मिलता है। इस काल के प्रमुख कवि 'जायसी' हैं।
- **रामभक्ति शाखा-**
  इस शाखा के कवियों ने श्रीराम के सगुण रूप की वंदना की है। इनके राम निर्गुणियों की तरह निराकार रूप में न होकर साकार रूप में भक्तों में पूजनीय हैं। गोस्वामी तुलसीदास रामभक्ति परम्परा के प्रतिनिधि भक्त कवि हैं।
- **कृष्णभक्ति शाखा-**
  इस शाखा के कवियों ने कृष्ण को अपना आराध्य मानकर उनके सगुण-साकार स्वरूप की उपासना की। वल्लभाचार्य इस शाखा के संस्थापक माने जाते हैं और सूरदास प्रतिनिधि कवि।

भक्तिकालीन प्रमुख रचनाएं

ज्ञानाश्रयी/संतकाव्य-

रचनाकार	रचना
कबीरदास	साखी,सबद, रमैनी (संग्रह-बीजक)
गुरुनानक	जपुजी,आसदीबार,रहिरास,सोहिला
हरिदास निरंजनी	अष्टपदीजोग ग्रंथ, ब्रह्मस्तुति
दादू दयाल	हरडे बानी, अंग बंधू, काया बोली
मलूकदास	रत्नखान, ज्ञान बोध, ज्ञान परोछि, बारहखड़ी, ध्रुवचरित, सुखसागर, शब्द
सुन्दरदास	ज्ञान समुद्र,सुन्दर विलास
अक्षरअनन्य	राजयोग, विज्ञान योग, ध्यान योग, ब्रह्मज्ञान, सिद्धान्त बोध, अनन्य प्रकाश

प्रेमाश्रयी/सूफीकाव्य-

रचनाकार	रचना
असाइत	हंसावली
मुल्ला दाऊद	चंदायन
ईश्वरदास	सत्यवती कथा
कुतुबन	मृगावती
जायसी	पद्मावत, अखरावट, आखिरी कलाम, चित्ररेखा, कहरानामा
मंझन	मधुमालती
उसमान	चित्रावली
शेखनबी	ज्ञानदीप
कासिमशाह	हंस जवाहिर
नूर मुहम्मद	इंद्रावती, अनुराग बाँसुरी

रामकाव्य परम्परा-

रचनाकार	रचना
रामानन्द	वैष्णवमताब्जभास्कर, योगचिंतामणि, श्री रामार्चन पद्धति, रामरक्षास्तोत्र।
अग्रदास	ध्यान मंजरी, रामध्यानमंजरी, कुंडलिया, अष्टयाम।
ईश्वरदास	भरत मिलाप, अंगदपैज
गोस्वामी तुलसीदास	वैराग्यसंदीपनी, रामाज्ञा प्रश्न, रामलला नहछू, जानकीमंगल, रामचरितमानस, पावर्ती मंगल, कृष्णगीतावली, विनय पत्रिका, दोहावली, बरवै रामायण, कवितावली।
नाभादास	भक्तमाल, अष्टयाम
केशवदास	रसिक प्रिया, रामचन्द्रिका, कविप्रिया, रतन बावनी, वीरसिंह देव चरित, विज्ञान गीता, जहाँगीरजसचन्द्रिका, नखशिख, छंदमाल।

रामचरित मानस के काण्ड



कृष्णभक्तिशाखा-

रचनाकार	रचना
निम्बार्काचार्य	वेदान्त पारिजात सौरभ, दशश्लोकी
वल्लभाचार्य	पूर्वमीमांसा भाष्य,अणुभाष्य, तत्वदीप निबंध
सूरदास	सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी
कृष्णदास	जुगलमान चरित्र, भ्रमरगीत, प्रेमतत्व निरूपण

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

नंददास	अनेकार्थ मंजरी, मानमंजरी, सुदामा चरित, रसमंजरी, रूपमंजरी, विरहमंजरी,श्यामसगाई भँवरगीत।
हरिदास	सिद्धान्त के पद,केलिमाला
हितहरिवंश	हितचौरासी(ब्रज), राधासुधानिधि, यमुनाष्टक (संस्कृत)
चतुर्भुजदास	द्वादशयश, हितजू को मंगल
ध्रुवदास	मानलीला, दानलीला, ब्रजलीला
मीराबाई	गीतगोविन्द की टीका, नरसीजी का मायरा, राग सोरठा, रागगोविन्द, मलार राग, रुक्मिणी मंगल।
रसखान	सुजान रसखान, प्रेमवाटिका, दानलीला, अष्टयाम

भक्तिकाल के अन्य कवि

- **रहीमदास-**
  दोहावली/सतसई, नगर शोभा, श्रृंगार सोरठा, मदनाष्टक, बरवै नायिका भेद, खेलकौतुक जातकम्
- **नरोत्तमदास-**
  सुदामा चरित, ध्रुवचरित, विचारमाला

रीतिकाल

रीतिकाल का नामकरण-



- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'चिन्तामणि' को रीतिकाल का प्रवर्तक माना है।
- डॉ. नगेन्द्र ने 'केशवदास' को रीतिकाल का प्रवर्तक माना है।
- आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने रीतिकाल (श्रृंगारकाल) को तीन शाखाओं में विभाजित किया हैं।

रीतिबद्ध कवियों की प्रमुख रचनाएँ-

- **मतिराम-**
  फूलमंजरी,रसराज, ललित ललाम, सतसई, अलंकार पंचाशिका वृत्तकौमुदी, लक्षण श्रृंगार।
- **जसवंत सिंह-**
  भाषाभूषण, प्रबोध चन्द्रोदय, अपरोक्ष सिद्धांत, सिद्धांतबोध, आनन्द विलास।
- **कुलपति मिश्र-**
  रस रहस्य, द्रोण पर्व, युक्तितरंगिणी (अप्राप्य), नखशिख (अप्राप्य), संग्राम सार।
- **देव-**
  भाव विलास, अष्टयाम, भवानी विलास, राग रत्नाकर, देवचरित, प्रेम चन्द्रिका, जाति विलास, रस विलास, सुजान विनोद, सुखसागर तरंग
- **रसलीन-**अंग दर्पण, रस प्रबोध
- **भिखारीदास-**
  रस सारांश, छंदार्णव पिंगल, काव्य निर्णय, श्रृंगार निर्णय, शतरंज शतिका।
- **पद्माकर भट्ट-**हिम्मत बहादुर विरुदावली, पद्माभरण, जगद्विनोद, प्रबोध पचासा, गंगालहरी, कलिपच्चीसी, राम रसायन।
- **चिन्तामणि-**
  रस विलास, छन्द विचार पिंगल, श्रृंगार मंजरी, कविकुल कल्पतरु, काव्यविवेक, काव्य प्रकाश, रामायण।
- **भूषण-**शिवराज भूषण, शिवा बावनी,छत्रसाल दशक

रीतिसिद्ध कवि-



रीतिमुक्त कवि-

रचनाकार	रचना
आलम	आलमकेलि, माधवानलकामकंदला, सुदामा चरित, श्याम सनेही
घनानन्द	सुजानसार, इश्कलता, विरहलीला, वियोगबेलि, कोकसार, कृपाकंद, रस केलि वल्ली, यमुनायश।
बोधा	विरहवारीश, इश्कनामा
ठाकुर	ठाकुर ठसक, ठाकुर शतक
द्विजदेव	श्रृंगारलतिका, श्रृंगार बत्तीसी

आधुनिक काल

भारतेन्दु युग (आधुनिक काल)

- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने सर्वप्रथम हिंदी साहित्य में 'आधुनिक काल' नाम दिया।
- विभिन्न विद्वानों द्वारा भारतेन्दु युग का काल निर्धारण एवं नामकरण–

प्रस्तोता	सीमांकन (ई.)	काल का नामकरण
रामचन्द्र शुक्ल	1868-1893	नई धारा : प्रथम उत्थान
मिश्रबन्धु	1869-1888	वर्तमान काल
रामविलास शर्मा	1857-1900	नवजागरण
रामकुमार वर्मा	1870-1900	आधुनिक काल

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

भारतेन्दु युग– (पुनर्जागरणकाल)

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जन्म - 1850 ई., मृत्यु - 1885 ई.,जन्म स्थान - काशी **भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रचनाएँ:**	
भक्ति सर्वस्व	वर्षा विनोद
प्रेम-मालिका	प्रेम फुलवारी
वैशाख माहात्म्य	
प्रेमसरोवर	तन्मय लीला
प्रेमाश्रुवर्षण	दान लीला
जैन कुतूहल	वसन्त होली
प्रेम माधुरी	उर्दू का स्यापा
प्रेम प्रलाप	प्रबोधिनी
बकरी-विलाप	भारत भिक्षा
अपवर्ग पंचक	बंदर सभा
जातीय संगीत	रिपुनाष्टक

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 'पैरोडी', 'स्यापा', 'गाली', 'लावनी', आदि शैलीगत् रूपों में कविताएँ लिखी है, जो निम्न है–

कविताएँ	**शैली/छंद**
बंदर सभा	पैरोडी
उर्दू का स्यापा	स्यापा
समधिन मधुमास	गाली
प्रातः समीरन	पयार
वर्षा विनोद	लावनी
नये जमाने की मुकरी	मुकरी

- बद्रीनारायण चौधरी उर्दू में 'अब्र' नाम से कविताएँ लिखते थे।
- प्रेमघन ने 'मयंक महिमा' की रचना खडी बोली में किया था।
- 'प्रताप लहरी' शीर्षक से प्रतापनारायण मिश्र की प्रतिनिधि कविताओं का संकलन है।
- ठाकुर जगमोहन ने कालिदास कृत 'ऋतु संहार' और मेघदूत का ब्रजभाषा में अनुवाद किया।
- अम्बिकादत्त व्यास को 'सुकवि' की उपाधि प्राप्त थी। इन्होंने खड़ी बोली में 'कंस-वध' (अपूर्ण) शीर्षक से प्रबन्ध-काव्य की रचना किया।
- भारतेन्दुयुगीन कवियों की प्रमुख समस्यापूर्ति संग्रह और कवि निम्नलिखित हैं–

कवि	**समस्यापूर्ति संग्रह**
अम्बिकादत्त व्यास	समस्यापूर्ति - सर्वस्व
गोविन्द गिल्लाभाई	समस्यापूर्ति - प्रदीप
दुर्गादत्त व्यास	समस्यापूर्ति- प्रकाश
गंगाधर	समस्या- प्रकाश

- **बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'–**

(i) अचरज होत तुमहुँ सम गोरे बाजत कारे

(ii) बगियान बसन्त बसेरो कियो, बसिए तेहि त्यागि तापइए ना।

(iii) धन्यभूमि भारत सब रतननि की उपजावनि।

भारतेन्दु युग के प्रमुख रचनाकार एवं उनकी रचनाएँ–	
रचनाकार	**रचनाएँ**
बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन'	जीर्ण जनपद, आनन्द अरुणोदय, हार्दिक हर्षादर्श, मयंक महिमा, अलौकिक लीला, वर्षा बिन्दु, लालित्य लहरी, बृजचन्द पंचक, सूर्यः स्त्रोत।
प्रतापनारायण मिश्र	प्रेम पुष्पावली, मन की लहर, लोकोक्ति शतक, तृप्यन्ताम, श्रृंगार विलास, हर गंगा, बुढ़ापा, हिन्दी की हिमायत।
ठाकुर जगमोहन सिंह	प्रेम सम्पत्ति लता, श्यामा लता, श्यामा सरोजिनी, देवयानी।
अम्बिकादत्त व्यास	पावस पचासा, सुकवि सतसई, हो हो होरी, कंस-वध (अपूर्ण)
राधाकृष्ण दास	भारत बारहमासा, देशदशा।
नवनीत चतुर्वेदी	कुब्जा पच्चीसी
गोविन्द गिल्लाभाई	श्रृंगार सरोजिनी, पावस पयोनिधि, राधामुख षोड्सी, षड्ऋतु, नीति विनोद।

- भारतेन्दुयुगीन कवियों की महत्वपूर्ण काव्य पंक्तियाँ –
- **भारतेन्दु हरिचन्द्र–**

(1) कहाँ करूणानिधि केशव सोए?

(2) मेरे तो साधन एक ही है, जग नन्द लला वृषभानु दुलारी।।

(3) पिय प्यारे तिहारे निहारे बिना आँखियाँ दुखियाँ नहिं मानती हैं।

(4) रोवहु सब मिलि, आवहु भारत भाई, हा! हा! भारत दुर्दशा न देखी जाई।।

द्विवेदी युग

डॉ. नगेन्द्र ने द्विवेदी युग को 'जागरण सुधार काल' नाम दिया था। तथा इसकी समयावधि 1900–1918 तक माना है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इस कालखण्ड को 'नई धारा : द्वितीय उत्थान' के अंतर्गत रखा। शुक्ल जी ने इसकी समयावधि 1893 ई. से 1918 ई. तक माना है।

- **द्विवेदीयुगीन प्रमुख रचनाकार एवं रचनाएँ -**

श्रीधर पाठक (1859-1928 ई.)

- श्रीधर पाठक ने सन 1904 ई. में 'काश्मीर सुषमा' की रचना ब्रजभाषा में किया।
- श्रीधर पाठक खड़ीबोली के प्रथम स्वच्छंदतावादी कवि हैं।
- श्रीधर पाठक द्वारा अनुदित रचनाएँ :–
- श्रीधर पाठक की खड़ी बोली में मौखिक रचनाएँ हैं :–

अनूदित रचनाएँ:

★ गड़ेरिये और दार्शनिक, एकांतवासी योगी, उजड़ग्राम, श्रांत पथिक, ऋतुसंहार।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

मौलिक रचनाएँ:

★ वनाष्टक, देहरादून, भारतगीत, जगत सचाई सार, स्वर्गीय वीणा, धनविजय, सांध्य अटन,गुनवंत हेमंत।

■ श्रीधर पाठक द्वारा ब्रजभाषा में रचित मौलिक काव्य रचनाएँ हैं।

(i) मनोविनोद (1882 ई.) (ii) काश्मीर सुषमा

■ श्रीधर पाठक द्वारा खड़ी बोली में रचित प्रथम कविता 'गुनवंत हेमंत' तथा खड़ी बोली की प्रथम पुस्तक 'एकांतवासी योगी' है।

महावीर प्रसाद द्विवेदी (1864-1938 ई.)

★ महावीर प्रसाद द्विवेदी का जन्म रायबरेली के दौलतपुर गाँव में हुआ था।

★ आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार – ''हम पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी को पद्य रचना की एक प्रणाली के प्रवर्तक के रूप में पाते हैं।''

★ महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रसिद्ध कविता 'सरगौ नरक ठेकाना नाहि' है।

अनूदित रचनाएँ :

★ विनय शतक भर्तृहरि, विहार-वाटिका, गंगा लहरी, स्नेह माला, ऋतु तरंगिणी।

मौलिक रचनाएँ:

★ काव्य मंजूषा, सुमन, कान्य कुब्ज-अबला विलाप, देवी स्तुति शतक, कान्यकुब्जावलीव्रतम्।

★ महावीर प्रसाद द्विवेदी ने गद्य और पद्य दोनों के लिए खड़ी बोली में सामान्य बोलचाल की भाषा को प्राथमिकता देने की वकालत की।

अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'– (1865–1947 ई.)

परिचय :

* 'हरिऔध' को 'कवि सम्राट' की उपाधि प्रदान की गई थी। डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त ने हरिऔध को आधुनिक काल का सूरदास कहा है।
* 'प्रिय प्रवास' को खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य माना जाता है।
* 'प्रिय प्रवास' का सर्वप्रथम नाम ब्रजांगना विलाप' था। यह सम्पूर्ण काव्य संस्कृत के वर्णवृत्तों पर आधारित है। प्रिय प्रवास में 17 सर्ग हैं।
* 'रसकलश' (1931 ई.) हरिऔध द्वारा ब्रजभाषा में रचित एक रीति ग्रंथ है।
* हरिऔध को 'प्रिय प्रवास' काव्य पर मंगला प्रसाद पारितोषिक पुरस्कार प्रदान किया गया।

रचनाएँ :

* प्रिय प्रवास, पारिजात, वैदेही वनवास, कृष्णशतक, रसिक रहस्य, चोखे चौपदे, चुभते चौपदे, रस कलश, फूल पत्ते, कल्पलता, ग्रामगीत, मर्म स्पर्श।

मैथिली शरण गुप्त– (1886–1964 ई.)

परिचय :

* जन्म- 1886, मृत्यु- 1964 ई. स्थानः चिरगाँव (झाँसी)
* 'भारत भारती' लिखने पर गाँधी जी ने इन्हें 'राष्ट्रकवि' की उपाधि दी।
* गुप्त जी को 'आधुनिक युग का तुलसी' स्वीकार किया जाता है।
* साकेत काव्य में 12 सर्ग हैं। साकेत को डॉ. नगेन्द्र ने 'जनवादी काव्य' कहा है।
* आचार्य रामचन्द्र ने गुप्त जी को 'सामंजस्यवादी' कवि कहा है।
* गुप्त जी को द्विवेदी युग में 'हरिगीतिका' छंद का बादशाह कहा जाता है।

रचनाएँ :

* रंग में भंग, जयद्रथ वध, किसान, गुरुकुल, साकेत, द्वापर, भारत-भारती, झंकार, यशोधरा, जय भारत, विष्णु प्रिया, हिन्दू, वैतालिक, पंचवटी, प्लासी का युद्ध, मेघनाथ वध, वृत्र संहार।

■ हिन्दी साहित्य में 'रामचरितमानस' के बाद रामकाव्य का दूसरा स्तम्भ मैथिलीशरण गुप्त कृत 'साकेत' है।

■ उनकी जयन्ती के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष 'कवि दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

द्विवेदी युग के अन्य कवि–

* **रामचरित उपाध्यायः** राष्ट्रभारती, देवदूत, देवसभा, भारत-भक्ति, रामचरित चिन्तामणि।
* **नाथूराम शर्मा 'शंकर':** अनुरागरत्न, शंकर सर्वस्व, गर्भरण्डा रहस्य।
* **रायदेवी प्रसाद 'पूर्ण':** धाराधर धावन, स्वदेशी कुंडल, राम-रावण-विरोध, वसन्त वियोग, मृत्युंजय।
* **कामता प्रसाद गुरुः** भौमासुर वध, विनय पचासा, पद्य पुष्पावली, शिवाजी, दासी रानी।
* **गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' :** कृषक क्रंदन, प्रेम पचीसी, राष्ट्रीय वीणा, त्रिशूल तरंग, करुणा कादम्बिनी।
* **रामनरेश त्रिपाठी :** मिलन, पथिक, मानसी, स्वप्न, कविता-कौमुदी।
* **मुकुटधर पाण्डेयः** आँसू, उद्‌गार, पूजा फूल, कानन कुसुम।
* **जगन्नाथ दास 'रत्नाकर':** गंगावतरण, उद्धवशतक, हरिश्चन्द्र, हिंडोला, शृंगार लहरी, कलकाशी, वीराष्टक।
* **सत्यनारायण 'कविरत्न':** भ्रमरदूत, प्रेमकली।
* **उदयशंकर भट्टः** तक्षशिला।
* **श्यामनारायण 'पाण्डेय':** हल्दीघाटी, जौहर।
* **अनूप शर्मा :** सिद्धार्थ, शर्वाणी, वर्द्धमान।
* **मोहनलाल महतो :** आर्यावर्त।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

- नाथूराम शर्मा 'शंकर' को 'भारतेन्दु प्रज्ञा', 'साहित्य सुधाकर', और कविता– कामिनी-कान्त आदि उपाधियाँ प्राप्त थीं।
- रायदेवी प्रसाद 'पूर्ण' ने कालिदास 'मेघदूत' का ब्रजभाषा में 'धाराधर धावन' शीर्षक से अनुवाद किया।
- गया प्रसाद शुक्ल शृंगारिक कविताएँ 'सनेही' तथा राष्ट्रीय भावनाओं कविताएँ 'त्रिशूल' उपनाम से लिखते है थे।
- रामनरेश त्रिपाठी ने 'कविता कौमुदी' शीर्षक से आठ भागों में ग्राम- गीतों, उर्दू, बांग्ला एवं संस्कृत की कविताओं का संकलन एवं संपादन किया।

छायावाद (1918-1936 ई.)

- मुकुटधर पाण्डेय को लिखित रूप में 'छायावाद' शब्द का प्रथम प्रयोक्ता स्वीकार किया जाता है।
- छायावाद के प्रवर्तक और प्रस्तोत निम्नलिखित हैं–

प्रस्तोता	प्रवर्तक
नंददुलारे वाजपेयी	सुमित्रानन्दन पंत
इलाचन्द्र जोशी	जयशंकर प्रसाद
रामचन्द्र शुक्ल	मैथिलीशरण गुप्त और मुकुटधर पाण्डेय

जयशंकर प्रसाद–

- **परिचय :**

  जन्म- 1889, मृत्यु- 1937 ई., स्थान : वाराणसी
  बाल्यनाम/उपनाम : झारखण्डी/कलाधर

- **रचनाएं:**

  उर्वशी, वन मिलन, लहर, अयोध्या का उद्धार, कानन कुसुम, झरना, आँसू, कामायनी (1935), प्रेम पथिक, शोकोच्छ्वास, चित्राधार।

- **कामायनी के पात्र एवं उनके प्रतीक**

प्रतीक	पात्र
मन	मनु
हृदय	श्रद्धा
बुद्धि	इड़ा
मानव	कुमार

- **कामायनी के सर्ग :**

  चिन्ता, आशा, श्रद्धा, काम, वासना, लज्जा, कर्म, ईर्ष्या, इड़ा, स्वप्न, संघर्ष, निर्वेद, दर्शन, रहस्य और आनन्द।

- प्रसाद की प्रथम कविता 'सावन-पंचक' है।
- प्रसाद की प्रथम छायावादी कविता 'प्रथम प्रभात' सन् 1918 ई. में प्रकाशित हुई, यह 'झरना' काव्य में संकलित है।
- जयशंकर प्रसाद की रचना 'उर्वशी' चंपूकाव्य है।
- जयशंकर प्रसाद की खड़ी बोली में प्रथम काव्य संग्रह 'कानन कुसुम' है।
- जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित 'झरना' को छायावाद की प्रथम रचना माना जाता है। झरना काव्य को 'छायावाद की प्रथम प्रयोगशाला' कहा जाता है।
- जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित 'आँसू' विरह प्रधान स्मृति काव्य है।
- इसे हिंदी का 'मेघदूत' कहा जाता है।
- आचार्य शांतिप्रिय द्विवेदी ने 'कामायनी' को छायावाद का उपनिषद कहा जाता है।

सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'–

- जन्म- 1898 ई., मृत्यु- 1961ई,
  जन्म स्थानः (मेदनीपुर) महिषादल (बंगाल), मृत्यु स्थानः इलाहाबाद
- निराला के काव्य में प्रथम और अन्तिम तथ्य निम्नलिखित हैं–
  प्रथम संग्रह – अनामिका
  अन्तिम संग्रह – सांध्यकाकली
  प्रथम कविता – जूही की कली
  अन्तिम कविता – पत्रोत्कंठित जीवन का विष बुझा हुआ है।
- अनामिका और परिमल काव्य संग्रह में सम्मिलित कविताएँ–



- 'राम की शक्तिपूजा' महाकाव्य का उपजीव्य बांग्ला ग्रन्थ 'कृतवास रामायण' है।
- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार – ''बहुवस्तुस्पर्शिनी प्रतिभा निराला में है।''
- **रचनाएँ:**

  अनामिका, परिमल, गीतिका, तुलसीदास, कुकुरमुत्ता, अणिमा बेला, आराधना, सांध्यकाकली, जूही की कली, राम की शक्ति पूजा, भिक्षुक, तोड़ती पत्थर, बादल राग, अधिवास, पंचवटी प्रसंग, सरोज स्मृति।

सुमित्रानन्दन पन्त –

- जन्म- 1900 ई., मृत्यु- 1977 ई., स्थानः कौशानी (अल्मोड़ा)
- पंत की प्रथम छायावादी रचना 'उच्छवास' तथा अन्तिम छायावादी रचना 'गुजंन' है।
- पंत का 'लोकायतन' नामक महाकाव्य महात्मा गाँधी के जीवन पर लिखा गया है।
- पंत को 'चिदम्बरा' काव्य संग्रह के लिए 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- पंत 'अरविन्द दर्शन' से प्रभावित थे।
- 'पल्लव' की भूमिका को छायावाद का 'घोषणा पत्र' (मेनीफेस्टो) कहा जाता है।
- **रचनाएँ:** उच्छ्वास, ग्रन्थि, वीणा, पल्लव, गुंजन, युगान्त, युगवाणी, ग्राम्या, स्वर्णकिरण, स्वर्ण धूलि, उत्तरा, कला और बूढ़ा चाँद, अतिमा, लोकायतन, चिदम्बरा।

महादेवी वर्मा–

- जन्म- 1907ई., मृत्यु- 1987ई. जन्म : फर्रुखाबाद।
- महादेवी वर्मा को 'यामा' काव्य पर ज्ञानपीठ पुरस्कार' प्राप्त हुआ।
- महादेवी वर्मा रहस्यवादी कवयित्री हैं।
- महादेवी वर्मा 'बौद्ध दर्शन' से प्रभावित थी। इनका सर्वाधिक प्रिय प्रतीक 'दीपक और बादल' है।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

■ **रचनाएँ:**
नीहार, रश्मि, नीरजा, यामा, सांध्यगीत, दीपशिखा, सप्तपर्णा।

छायावाद के अन्य कवि–

* **रामकुमार वर्मा :** रूपराशि, चित्ररेखा, आकाशगंगा निशीथ।
* **केदारनाथ मिश्र:** चिरस्पर्श, सेतुबंध।
* **आरसी प्रसाद सिंह:** कलापी, संचयिता, जीवन और यौवन।

छायावाद से संबंधित कुछ प्रमुख तथ्य–

राष्ट्रीय सांस्कृतिक धारा के कवि–

* **माखनलाल चतुर्वेदी:** हिमकिरीटिनी, हिमतंरगिनी, माता, समर्पण।
* **सियारामशरण गुप्त:** मौर्य विजय, दूर्वादल, अनाथ, आत्मोत्सर्ग, बापू, पाथेय, नकुल, उन्मुक्त, दैनिकी।
* **बालकृष्ण शर्मा 'नवीन':** कुंकुम, रश्मि रेखा, क्वासी, ऊर्मिला, हम विषपायी जनम के, अपलक।
* **सुभद्रा कुमारी चौहान:** त्रिधारा, मुकुल, झाँसी की रानी, जलियाँवाला बाग।

महत्वपूर्ण तथ्य–

■ माखनलाल चतुर्वेदी की प्रसिद्ध कविता 'कैदी और कोकिला' तथा 'पुष्प की अभिलाषा' है।

प्रेम और मस्ती का काव्य–

* **भगवती चरण वर्मा:** मधुकण, मानव, एक दिन, प्रेम संगीत।
* **हरिवंश राय बच्चन:** मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश, निशा निमंत्रण, बंगाल का अकाल, खादी के फूल।
* **नरेन्द्र शर्मा:** प्रभात फेरी, प्रवासी के गीत, पलाश वन, हंसमाला
* **रामेश्वर शुक्ल 'अंचल':** मधुलिका, अपराजिता, किरण बेला, लाल चूनर, वर्षान्त के बादल।

■ रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' को हिंदी में 'मांसलवाद' का प्रवर्तक माना जाता है।

हास्य-व्यंग्यकार कवि–

* **ईश्वरी प्रसाद शर्मा:** चना चबेना।
* **हरिशंकर शर्मा:** पिंजरापोल, चिड़ियाघर।
* **कान्तानाथ पाण्डेय 'चोंच':** चोंच चालीसा, पानी पांडे, महाकवि सांड।
* **चतुर्भुज चतुरेश:** हँसी का फव्वारा।

■ छायावाद के कवि चतुष्टय में जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पन्त, महादेवी वर्मा और सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' आते हैं।
■ जयशंकर प्रसाद को 'प्रेम और सौन्दर्य' का कवि माना जाता है।
■ निराला को हिन्दी में मुक्त छन्द का प्रवर्तक माना जाता है।
■ निराला कृत 'सरोज स्मृति' को हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ तथा प्रथम शोकगीत माना जाता है।
■ पन्त जी को 'संवेदनशील इन्द्रिय बोध' का कवि कहा जाता है।
■ महादेवी वर्मा को 'हिन्दी के विशाल मन्दिर की वीणा पाणि' कहा जाता है।
■ माखनलाल चतुर्वेदी को 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से जाना जाता है।
■ हरिवंश राय बच्चन को हिन्दी साहित्य में 'हालावाद' का प्रवर्तक माना जाता है।
■ बच्चन जी को हिन्दी का 'बायरन' भी कहा जाता है।
■ मुकुटधर पाण्डेय को लिखित रूप में 'छायावाद' शब्द का प्रथम प्रयोक्ता स्वीकार किया जाता है।
■ छायावाद में प्रसाद को 'ब्रह्मा',पन्त को 'विष्णु' तथा निराला को 'महेश' कहा जाता है।

प्रगतिवाद 1936-1942 ई.

प्रगतिवादी रचनाकार और उनकी रचनाएँ–

■ लखनऊ में अप्रैल, 1936 ई. में 'प्रगतिशील' लेखक संघ की स्थापना और प्रथम अधिवेशन के समय से हिन्दी में प्रगतिवादी आंदोलन की शुरूआत होती है। इस अधिवेशन के प्रथम अध्यक्ष मुंशी प्रेमचंद थे।

■ **केदारनाथ अग्रवाल:** युग की गंगा, अपूर्वा, जमुन जल तुम, गुलमेंहदी, बंबई का रक्त स्नान, आत्मगंध, लोक और आलोक, कहें केदार खरी-खरी।
■ **नागार्जुन:** युगधारा, सतरंगे पंखों वाली, भस्माकुर, हरिजन गाथा, हजार-हजार बाँहों वाली, अकाल और उसके बाद, बादल को घिरते देखा, पाँच पूत भारत माता के।
■ **शिवमंगल सिंह सुमन:**हिल्लोल, मिट्टी की बारात, गुनिया का यौवन, विंध्य हिमालय, पर आँखे नहीं भरी, कलकत्ते का अकाल।
■ **त्रिलोचन:** धरती, अरघान, उस जनपद का कवि हूँ, गुलाब और बुलबुल, अनकहनी भी कुछ कहनी है, ताप के ताए हुए दिन।
■ **रामधारी सिंह दिनकर:** उर्वशी, हुंकार, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी परशुराम की प्रतीक्षा, रेणुका, इतिहास के आँसू।
■ **रांगेय राघव:** अजेय खण्डहर, मेधावी, पांचाली।

* प्रगतिवाद का सैद्धान्तिक आधार मार्क्स का द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद है।
* नागार्जुन 'यात्री' उपनाम से कविताएँ लिखते थे।
* नागार्जुन को प्रगतिवाद का 'शलाका पुरुष' कहा जाता है।
* रामधारी सिंह 'दिनकर' को 'समय-सूर्य तथा 'अधैर्य का कवि' कहा जाता है।
* डॉ. बच्चन सिंह ने पंत कृत 'युगवाणी' को खड़ी बोली का प्रथम प्रगतिवादी काव्य कहा है।
* केदारनाथ अग्रवाल आरम्भिक दौर में 'बालेन्दु' उपनाम से रचनाएँ करते थे।
* नागार्जुन की खड़ी बोली में प्रकाशित रचना 'राम के प्रति' है।
* नागार्जुन को 'पत्रहीन नग्न गाछ' काव्य पर सन् 1968 ई. में साहित्य अकादमी' पुरस्कार प्राप्त हुआ।

Join @yct_hub For More Exclusive PDFs

Click Here to Get More Exclusive Ebooks

* त्रिलोचन का मूलनाम 'वासुदेव सिंह' है।
* मुक्तिबोध ने त्रिलोचन को 'अवध का किसान कवि' कहा है।
* त्रिलोचन हिंदी में सॉनेट लिखने के लिए प्रसिद्ध हैं।
* रांगेय राघव का मूल नाम 'त्र्यंबक वीर राघवाचार्य' है।
* रामधारी सिंह 'दिनकर' ने 'उर्वशी' नामक महाकाव्य की रचना गीति नाट्य शैली में किया। उर्वशी महाकाव्य पर दिनकर को सन् 1972 ई. में 'भारतीय ज्ञानपीठ' पुरस्कार प्राप्त हुआ।

प्रयोगवाद (1943ई.) और नयी कविता (1954ई.)



कुछ महत्वपूर्ण तथ्य–

- 'प्रयोगवाद' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग नंददुलारे वाजपेयी ने 'प्रयोगवादी रचनाएँ' शीर्षक निबंध में किया है।
- अज्ञेय को प्रयोगवाद और नयी कविता का शलाका पुरुष भी कहा जाता है।
- शमशेर बहादुर सिंह का कथन है– "मै उर्दू और हिंदी का दोआब हूँ"।
- भवानी प्रसाद मिश्र को 'सहजता का कवि' कहा जाता है।
- प्रयोगवाद का आरम्भ सन् 1943ई. में अज्ञेय के सम्पादकत्व में प्रकाशित 'तार सप्तक' से माना जाता है। 'तार सप्तक' में सात कवि आते हैं।
- अज्ञेय ने प्रयोगवादी कवियों को 'राहों का अन्वेषी' कहा है।
- प्रयोगवाद फ्रायड के दर्शन से प्रभावित हैं।
- विजयदेव नारायण साही ने 'नयी कविता' में 'लघु मानव' की प्रतिष्ठा की।
- मुक्तिबोध को 'गहन अनुभूति और तीव्र इन्द्रियबोध' का कवि कहा जाता है।
- मुक्तिबोध कविता की रचना फैंटेसी शिल्प में करते थे।
- शमशेर बहादुर सिंह 'प्रेम और सौन्दर्य' के कवि हैं।

प्रमुख कवि एवं उनकी रचनाएँ–

- **अज्ञेय:** भग्नदूत, हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी,आँगन के पार द्वार, कितनी नावों में कितनी बार, असाध्य वीणा, कलगी बाजरे की, नदी के द्वीप, शब्द और सत्य, यह दीप अकेला।
